www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष :08 | अंक :319 | मुंबई , रविवार , 11 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 95.770g

चांदी 97,030kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 पाकिस्तान की हर कमजोरी पर हो प्रहार, बदहाल आर्थिकी पर शिकंजा कसे भारत

अवैध अस्पताल में प्रसव के दौरान हादसा 04

संक्षिप्त समाचार

### संभल हिंसा में कथित रूप से संलिप्त तीन युवकों को जमानत मिली

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 24 नवंबर, 2024 को संभल में हुई हिंसा में कथित तौर पर संलिप्त रहे तीन युवकों– फैजान, शाने आलम और मोहम्मद रिहान को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति डॉक्टर गौतम चौधरी ने बृहस्पतिवार को इन युवकों की जमानत मंजूर की। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि संभल घटना के संबंध में 700-800 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि जब वे पथराव कर रहे थे, अचानक एक व्यक्ति ने गोली चला दी जिससे एक पुलिसकर्मी के पैर में गोली लगी। उन्होंने यह दलील भी दी कि याचिकाकर्ता पूरी तरह से निर्दोष हैं और मौजूदा मामले में इन्हें झूठा फंसाया गया है। घटना में इनकी कोई विशेष भूमिका नहीं है। साथ ही गोली व्यक्ति के पैर में लगी जिससे उसकी जान को खतरा नहीं हुआ। अदालत को इस बात के लिए भी आश्वस्त किया गया कि याचिकाकर्ता कानूनी प्रक्रिया में हर तरह का सहयोग करने को तैयार हैं और जब भी जरूरत पड़ेगी, अदालत के समक्ष हाजिर होंगे। साथ ही वे सभी तरह की शर्तें स्वीकार करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोपी 28 नवंबर, 2024 से जेल में निरुद्ध हैं और उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है।

### घर की छत पर आग लगने के बाद सिलेंडर में विस्फोट, कोई हताहत नहीं

दिल्ली के सदर बाजार इलाके में शुक्रवार को एक घर की छत पर आग लग जाने के बाद एलपीजी के छोटे सिलेंडर में विस्फोट हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस के अधिकारियों ने बताया कि शाम करीब छह बजकर 55 मिनट पर प्रताप मार्केट में आग लगने की सूचना मिली। बताया गया कि आग प्रताप मार्केट स्थित एक घर की छत पर बने अस्थायी ढांचे में लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल के तीन वाहनों को मौके पर भेजा गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया, घटना के दौरान एलपीजी का एक छोटा सिलेंडर फट गया। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि शाम करीब सात बजकर 15 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल आग लगने का वास्तविक कारण पता नहीं चल पाया है।

# युद्धविराम पर सहमत हुए भारत-पाकिस्तान

## सीजफायर का ऐलान ट्रंप ने सबसे पहले किया , फिर आया एमईए का बयान और इशाक डार का ट्वीट

युद्धविराम

▸▸ भारत अपनी शर्तों पर युद्धविराम के लिए राजी हुआ। दोनों देशों के डीजीएमओ युद्धविराम को लेकर आगे की कार्रवाई के लिए 12 मई को फिर से बातचीत करेंगे।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की ओर से विदेश मंत्री विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पाकिस्तान की ओर उसकी सेना के डीजीएमओ ने तनाव कम करने के लिए भारतीय सेना के डीजीएमओ से संपर्क किया। इसके बाद भारत अपनी शर्तों पर युद्धविराम के लिए राजी हुआ। दोनों देशों के डीजीएमओ युद्धविराम को लेकर आगे की कार्रवाई के लिए 12 मई को फिर से बातचीत करेंगे। पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने भारत से संपर्क किया और दोनों देशों के बीच युद्ध विराम पर सीधे बातचीत की गई। सरकार ने कई दिनों की सैन्य कार्रवाई और दोनों पड़ोसियों के बीच बढ़े तनाव के बाद युद्ध विराम की पुष्टि की। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान करते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को सामान्य बुद्धि और महान बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के लिए बधाई। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद।दो दिन पहले



### कोई शर्त नहीं, स्थगित रहेगी सिंधु जल संधि

❍ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्धविराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। यह आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।



मिसाइल, ड्रोन और तोपखाने के हमलों के कई दिनों बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करने के कुछ ही मिनटों बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंक के पनाहगारों के लिए एक सख्त संदेश जारी किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत ने लगातार सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ एक दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। यह ऐसा करना जारी रखेगा। उन्होंने, एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है। भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। यह आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था।

### आतंकवाद के खिलाफ जारी रहेगा एक्शन, सजीफायर के बाद जयशंकर ने किया साफ

भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम समझौते के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है।

आतंकवाद के खिलाफ भारत कड़ी कार्रवाई करना जारी रखेगा।



### सेना पूरी तरह तैयार, किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे

### भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम पर रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस

▸▸ सोफिया कुरैशी ने आगे कहा कि पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो को नुकसान पहुंचाया गया, जो भी पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया।



पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने भारत से संपर्क किया और दोनों देश बातचीत कर युद्ध विराम पर सहमत हो गए। सरकार ने कई दिनों से चल रही सैन्य तनातनी और दोनों पड़ोसियों के बीच बढ़े तनाव के बाद युद्ध विराम की पुष्टि की। भारत-पाक युद्धविराम समझौते के बाद कमोडोर रघु आर नायर, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने जेएफ 17 से हमारे एस400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है। दूसरे, उसने यह भी गलत सूचना अभियान चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया, और उसकी यह गलत सूचना भी पूरी तरह से गलत है।

### भारत-पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम पर सहमतः ट्रम्प

**अमेरिका की पहल और मध्यस्थता के बाद भारत और पाकिस्तान शनिवार को पूर्ण एवं तत्काल युद्ध विराम पर सहमत हो गये। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल हैंडल पर यह घोषणा की।**

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट कर कहा था कि टिट फॉर टैट हो चुका है। एक दूसरे को आपने सबक सिखा दिया है। अब शांत हो जाइए। उसके बाद जब मामला बढ़ता हुआ नजर आया फिर अमेरिका पूरी तरह से इसमें शिरकत करता नजर आया। भारत ने दो स्तर पर ये जंग लड़ी है। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की। भारत ने सेना के डिफेंस सिस्टम की बदौलत अपने नागरिकों की रक्षा की।

### इशाक डार ने की पुष्टि

वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी इसकी पुष्टि की है. उन्होंने इसको लेकर एक्स पर कहा, पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है. पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है!

## ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तान में यूसुफ अजहर समेत लश्कर और जैश के बड़े आतंकवादी ढेर

**भारत के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने पर यूसुफ अजहर सहित लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद के कई बड़े आतंकी मारे गए.**

▸▸ सूत्र से प्राप्त जानकारी से यह भी पता चला कि कुछ लक्ष्यों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी सेना, पुलिस और सरकार के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए थे. यह देश में आतंकवादी ठिकानों को बढ़ावा न देने के पाकिस्तान के झूठे दावों को दर्शाता है.

एजेंसी



नई दिल्लीः भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों पर किए गए सटीक हमलों में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद (खीट) से जुड़े हाई-प्रोफाइल आतंकवादियों का सफाया हो गया. इनमें आईसी-814 प्लेन अपहरण के लिए वांछित मौलाना यूसुफ अजहर भी शामिल था. सूत्रों के अनुसार, निशाने पर कट्टरपंथी विचारधारा, हथियार प्रशिक्षण और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में शामिल प्रमुख लोग भी शामिल थे. लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध मुदस्सर खादियन खास और खालिद उर्फ अबू अकाशा 7 मई के हमलों में मारे गए दो आतंकवादी थे.

## आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा

### सरकार ने पाकिस्तान को चेताया

**भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में लेकर जा रहा है जो स्थिति को और तनावपूर्ण करने के आक्रामक इरादे का संकेत है। सेना ने साथ ही कहा कि वह अभियानगत रूप से पूरी तरह तत्पर हैं।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी कार्रवाई को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। भारत सरकार के शीर्ष सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। यह पाकिस्तान के लिए कड़ी चेतावनी है। इसके साथ ही भारत ने कहा कि उसने पश्चिमी सीमा पर ड्रोन, लंबी दूरी के हथियारों एवं लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर अन्य इलाकों और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर खतरे पैदा करने की पाकिस्तान की उकसावे वाली कार्रवाई को प्रभावी ढंग से नाकाम कर दिया है।

सेना ने साथ ही कहा कि वह अभियानगत रूप से पूरी तरह तत्पर हैं। बड़े सैन्य संघर्ष की आशंकाओं के बीच, सैन्य प्रवक्ता कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल तनाव न बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, बशर्ते पाकिस्तानी सेना भी ऐसा ही करे।

> भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान अपने सैनिकों को सीमावर्ती इलाकों में लेकर जा रहा है जो स्थिति को और तनावपूर्ण करने के आक्रामक इरादे का संकेत है।



## पाकिस्तान के खिलाफ युवाओं ने खोला मोर्चा

### चंडीगढ़ में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए उमड़ा जनसैलाब

▸▸ चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर के युवाओं से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के रूप में शामिल होने का आह्वान किया है.

एजेंसी



चंडीगढ़ः भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव ने देश में युद्ध जैसे हालात पैदा कर दिए हैं. इस संकट की घड़ी में चंडीगढ़ प्रशासन ने शहर के युवाओं से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के रूप में शामिल होने का आह्वान किया है. इस पहल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और प्रशासन को मजबूती प्रदान करना है. इसके लिए प्रशासन ने 10 मई 2025 को सेक्टर 18 के टैगोर थिएटर में भर्ती और प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया.युवाओं में उत्साह, पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजीः भर्ती कैंप में चंडीगढ़ के युवाओं ने भारी उत्साह दिखाया. सुबह से ही टैगोर थिएटर के बाहर सैकड़ों युवा रजिस्ट्रेशन के लिए जमा हो गए।

## 'दिल्ली एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक! भारतीय सैनिक रो रहे हैं!'...

> पाकिस्तान के हवाई हमले बेकार हो रहे हैं तो वो प्रोपेगेंडा फैला रहा है. पीआईबी ने उसके झूठ को बेनकाब किया.

### पाकिस्तान का 'फेक न्यूज वॉर' बेनकाब

एजेंसी




हैदराबादः गलत सूचनाओं को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को नागरिकों से व्हाट्सएप पर प्रसारित होने वाली फर्जी खबरों से सावधान रहने और अपडेट के लिए सत्यापित स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया. भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है. इस बीच पाकिस्तान ने झूठ का सहारा लेना शुरू किया. सोशल मीडिया पर तमाम तरह के फेक न्यूज चला रहा है.भारतीय सैनिक रो रहे हैंः एक पुराने वीडियो में यह दावा किया जा रहा है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध तेज होने पर भारतीय सैनिक रो रहे हैं और अपना पद छोड़ रहे हैं. यह वीडियो 27 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया था और इसका भारतीय सेना से कोई संबंध नहीं है. यह वीडियो एक प्राइवेट डिफेंस कोचिंग संस्थान के छात्रों का है, जो भारतीय सेना में चयन की खुशी में जश्न मना रहे हैं. वीडियो में दिख रहे युवा अपनी भर्ती की खबर सुनकर भावुक हो गए थे.उधमपुर एयर बेस को नष्ट किया गयाः पाकिस्तान के द्वारा लाइव टीवी पर प्रसारित एक वीडियो में दावा किया गया कि पाकिस्तान ने उधमपुर एयर बेस को नष्ट कर दिया है. यह बात सामने आया कि यह वीडियो वास्तव में राजस्थान के हनुमानगढ़ में एक केमिकल फैक्ट्री में हुई आग की घटना का है.

## जेडीयू सासंद ने उठाया शानदार कदम, सशस्त्र बलों के लिए दान किया एक साल का मूल वेतन

▸▸ ठाकुर ने कहा कि मैंने अपना मूल वेतन रक्षा सेवाओं के लोगों के लिए दान कर दिया है, चाहे वह सेना हो, नौसेना हो या वायु सेना हो, उनके महान साहस के लिए। हमारे भारतीय सशस्त्र बल देश की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।

एजेंसी



पहलगाम आतंकी हमले और जवाबी सैन्य हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) के माध्यम से सशस्त्र बलों को अपना एक साल का मूल वेतन दान करेंगे। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र सीतामढ़ी में मीडिया को जानकारी देते हुए यह घोषणा की। ठाकुर ने कहा कि सशस्त्र बल लगातार देश की रक्षा में लगे हुए हैं । और एक भारतीय नागरिक के रूप में, उन्होंने भी अपना एक साल का मूल वेतन, जो लगभग 15 लाख रुपये है।

बरसे

### पाकिस्तान पर बरसे ओवैसी, तुर्की को भी लपेटे में लिया

# हमारे पूर्वजों ने दो-देश सिद्धांत को खारिज कर दिया था

एजेंसी



नयी दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ अपने सख्त रुख के लिए वाहवाही बटोर रहे एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पड़ोसी देश को एक और करारा जवाब दिया है। और इस बार इसमें पाकिस्तान के भाई राष्ट्र तुर्की को भी शामिल किया गया है, जो उसे अटूट समर्थन दे रहा है। ओवैसी, जो पहले पाकिस्तान के खिलाफ हमलावर देखे गए थे, ने अब तुर्की पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि एक तरफ तुर्की अपनी जमीन पर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान का समर्थन करता है, जिसे आतंकवाद का वैश्विक केंद्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें तुर्की को यह समझाना होगा। यह दुनिया का एकमात्र देश है जो अपनी जमीन पर आतंकवादी संगठनों, कुर्द समूहों पर बमबारी करता है। जब तक उन्होंने इराक के साथ समझौता नहीं किया था, तब तक वे वहां भी आतंकवादी संगठनों पर बमबारी करते थे। और अब वे सीरिया में भी ऐसे शिविरों पर बमबारी कर रहे हैं। इसलिए उनसे पूछा जाना चाहिए कि जब वे विदेशी जमीन पर आतंकवादियों को मार सकते हैं, तो वे भारत से कैसे सवाल कर सकते हैं। ओवैसी ने कहा कि हमारी जमीन पर हमले हो रहे हैं, सैनिकों पर, उन्हें लोन मिला है। शासन-प्रशासन तो छोड़िए, उन्हें अर्थव्यवस्था चलाना भी नहीं आता। यह उनकी गलत नीति है, यहाँ हिंदू-मुसलमानों के बीच फूट डालना।

> ओवैसी ने कहा कि हमारी जमीन पर हमले हो रहे हैं, सैनिकों पर, उन्हें लोन मिला है। शासन-प्रशासन तो छोड़िए, उन्हें अर्थव्यवस्था चलाना भी नहीं आता। यह उनकी गलत नीति है, यहाँ हिंदू-मुसलमानों के बीच फूट डालना।

मुरीदके और बहावलपुर में हमला हुआ, जो अमेरिका में आतंकवादी है, उसके पीछे पाकिस्तान की सेना खड़ी है।

उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान आसानी से भूल जाता है कि भारत में 230 मिलियन से ज्यादा मुसलमान रहते हैं और हमारे पूर्वजों ने दो-देश सिद्धांत को खारिज कर दिया था। हम घृणा करते हैं, हमने जिन्ना द्वारा प्रस्तावित दो-राष्ट्र सिद्धांत को खारिज कर दिया, और हमने भारत को अपना देश स्वीकार किया और यहीं रहेंगे। एआईएमआईएम ने कहा कि पाकिस्तान भारत को धर्म के आधार पर विभाजित करना चाहता है, वह यहाँ भारतीय मुसलमानों, हिंदुओं और अन्य समुदायों के बीच और अधिक टकराव पैदा करना चाहता है। जब पाकिस्तान दो-राष्ट्र सिद्धांत की बात करता है, तो वे अफगानिस्तान की सीमा चौकियों पर बमबारी क्यों कर रहे हैं? वे ईरानी सीमा चौकियों पर बमबारी क्यों कर रहे हैं? अफगान और ईरानी मुसलमान हैं।

# कांग्रेस ने लक्ष्मण सिंह को कारण बताओ नोटिस

### पार्टी की छवि और अखंडता को गंभीर नुकसान पहुंचाने का मामला



❍ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के लिए अपमानजनक और अपमानजनक टिप्पणी की है। पूर्व विधायक और दिग्विजय सिंह के भाई ने कहा है कि उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों के साथ मिले हुए हैं और उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा को पहलगाम के बारे में सार्वजनिक बयान देने से पहले अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को सार्वजनिक बयान देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिससे पार्टी की छवि और अखंडता को गंभीर नुकसान पहुंचा है। नोटिस में कहा गया है कि लक्ष्मण सिंह के बयानों ने सभी स्वीकार्य सीमाओं को पार कर लिया है, विशेष रूप से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के लिए अपमानजनक और अपमानजनक टिप्पणी की है। पूर्व विधायक और दिग्विजय सिंह के भाई ने कहा है कि उमर अब्दुल्ला आतंकवादियों के साथ मिले हुए हैं और उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा को पहलगाम के बारे में सार्वजनिक बयान देने से पहले अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। लक्ष्मण सिंह के बार-बार सार्वजनिक बयानों के संबंध में एमपीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी और एमपीसीसी विधायक एवं प्रभारी हरीश चौधरी से प्राप्त शिकायत के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस में पूर्व विधायक को 10 दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। नोटिस में कहा गया है, निर्धारित समय के भीतर जवाब न देने पर यह माना जाएगा कि आपके पास अपने बचाव में कहने के लिए कुछ नहीं है, और पार्टी स्थापित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी।

## सम्पादकीय

### हमें सूचना युद्ध भी जीतना होगा, पाकिस्तान ले रहा फर्जी खबरों का सहारा

समग्रता में देखें तो आतंक के साथ दुष्प्रचार के मामले में पाकिस्तान कुख्यात आतंकी संगठन आइएस की रणनीति को अपनाता दिख रहा है। आइएस ने आतंक को बढ़ावा देने में सूचना युद्ध को एक नया कलेवर प्रदान किया। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि आतंक और फर्जी सूचनाएं मनोवैज्ञानिक और हाइब्रिड युद्ध में गहराई से जुड़े हथियार हैं ।पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौर में एक मोर्चा फर्जी सूचनाओं का भी खुला हुआ है। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपुष्ट सूचनाओं की बमबारी हो रही है। जहां कई देशों ने सूचनाओं को अपनी ताकत के रूप में ढालकर उन्हें हथियार बनाया है, वहीं पाकिस्तान ने आतंकवाद की नीति के साथ झूठी कहानियां गढ़ने का अपना एक माडल तैयार किया है। गत दिवस विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भी कहा कि पाकिस्तान अपने जन्म के समय से ही झूठ बोल रहा है ।दूसरे तमाम देशों में तो झूठा आख्यान ट्रोल्स या बोट्स जैसे माध्यमों के जरिये गढ़ा जाता है, लेकिन पाकिस्तान में इसकी कमान जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग ही संभालते आए हैं। रह-रहकर इसके प्रमाण सामने आते रहते हैं। जैसे बीते दिनों एक अंतरराष्ट्रीय टीवी चैनल की एंकर ने पाकिस्तानी रक्षामंत्री से भारतीय विमानों को मार गिराए जाने के उनके दावे की पुष्टि के समर्थन में प्रमाण मांगे तो उन्होंने हास्यास्पद रूप से कहा कि यह सब ह्यसोशल मीडियाह्ण पर मौजूद है ।समग्रता में देखें तो आतंक के साथ दुष्प्रचार के मामले में पाकिस्तान कुख्यात आतंकी संगठन आइएस की रणनीति को अपनाता दिख रहा है। आइएस ने आतंक को बढ़ावा देने में सूचना युद्ध को एक नया कलेवर प्रदान किया। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि आतंक और फर्जी सूचनाएं मनोवैज्ञानिक और हाइब्रिड युद्ध में गहराई से जुड़े हथियार हैं। आइएस ने अपने शिकंजे में फंसे लोगों को तरह-तरह की यातनाएं दी हैं और उससे जुड़ी सामग्री का खूब प्रचार-प्रसार किया। इसका असर 2016 में इराक के मोसुल पर उसके हमले में नजर भी आया। वहां बड़ी संख्या में प्रशिक्षित अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों और सुरक्षा संबंधी अन्य ढांचे की मौजूदगी के बावजूद आइएस का खौफ ऐसा हावी हुआ कि सुरक्षा पंक्ति तितर-बितर हो गई और आइएस को शहर पर कब्जे के लिए बहुत कम प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। मोसुल पर यह कब्जा भविष्य के मनोवैज्ञानिक युद्धों के लिए एक मिसाल के तौर पर पेश किया गया ।आतंकवाद की तरह सूचना युद्ध भी केवल युद्धकाल तक ही सीमित नहीं रहता, अपितु शांति या सामान्य काल में भी अपना असर दिखा सकता है। नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के विरोध में पाकिस्तानी दुष्प्रचार अभियान इसका एक बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों और प्राधिकारी संस्थाओं के हैंडल से सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान फर्जी सूचनाओं के प्रसार से भारत को मुस्लिम-विरोधी के रूप में चित्रित करने का प्रयास किया गया है।

## आज का विचार







**मेष राशि:** दान पुण्य के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा. परिवार में किसी सदस्य को लेकर यदि कोई चिंता बनी थी, तो वह कल दूर होगी. आपको यदि परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर कुछ चिंता थी, तो वह व्यर्थ होगी.

**वृषभ राशि :** सुखमय परिणाम लेकर आएगा. विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई को लेकर ओवर कॉन्फिडेंट होने के कारण किसी परीक्षा में समस्या में आ सकते हैं. आपको किसी के कहने में आकर निर्णय लेने से बचना होगा. परिवार के सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा.

**मिथुन राशि :** व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है. आपकी कोई प्रिय या कीमती वस्तु यदि खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है. आप भगवान की भक्ति में लीन नजर आएंगे. आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी.

**कर्क राशि:** आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी. परिवार के किसी सदस्य से यदि कोई अनबन चल रही थी, तो वह दूर हो सकती है. आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है.

**सिंह राशि:** भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा. किसी सरकारी योजना में धन लगाने से आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है. आप अपने खान-पान की आदतों में बदलाव लाए, नहीं तो आपको कुछ पेट संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, इसलिए आपको तले भुने भोजन से परहेज रखने की आवश्यकता है.

**कन्या राशि:** मन की इच्छा की पूर्ति के लिए रहेगा. धार्मिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे. व्यापार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है. आपको किसी पारिवारिक समस्या को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करनी होगी, नहीं तो रक्त संबंधी रिश्तों में दूरियां आने की संभावना है.

**तुला राशि :** सुखमय रहने वाला है. आपको अपने कामों को पूरा करने में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा. विद्यार्थी यदि किसी नौकरी के लिए तैयारी में लगे हैं, तो उसमें भी उन्हें सफलता मिलने की संभावना है.

**वृश्चिक राशि :** आपकी कोई बात बुरी लग सकती है. आप अपने कामों को छोड़कर दूसरों के कामों मे लगेंगे, जो आपको समस्या देंगे. आपको अपनी इनकम के सोर्सो पर पूरा ध्यान देना होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकेगी.

**धनु राशि :** आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहने की आवश्यकता है. आपके बॉस आपके प्रमोशन के बारे में भी सोच सकते हैं.

**मकर राशि:** दिन आपके लिए कुछ नए कामों को करने के लिए रहेगा. आपको अपने धन को किसी सही योजना में लगाना बेहतर रहेगा, नहीं तो आपका धन डूबने की संभावना है

**कुंभ राशि :** मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. परिवार में किसी सदस्य को कोई चोट चपेट आदि लगने की संभावना है, जिस कारण आपको भागदौड़ अधिक रहेगी. आपको किसी संपत्ति की खरीदारी करते समय उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है. आप अपने पारिवारिक समस्याओं को किसी बाहरी व्यक्ति के सामने उजागर न करें.

**मीन राशि :** दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है. आप अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें, जिससे आपका रिश्ता बेहतर चल सकेगा. विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलता दिख रहा है. आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं. आपको अपने कामों को लेकर बहुत ही सूझबूझ से आगे बढ़ना होगा. नौकरी में कार्यरत लोग अपने कामों से सभी को हैरान करेंगे, क्योंकि वह अपनी बुद्धि से काफी कुछ पा सकते हैं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# पाकिस्तान की हर कमजोरी पर हो प्रहार, बदहाल आर्थिकी पर शिकंजा कसे भारत

> विश्व बैंक के 2024 के आंकड़े को देखें तो भारत की जीडीपी 3.88 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के करीब है जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था (0.37 ट्रिलियन डालर) के आकार से दस गुना अधिक है। भारत के पास 677 अरब डालर का विदेशी मुद्रा भंडार है जबकि पाकिस्तान के पास मात्र 15.5 अरब डालर है और उसमें भी एक हिस्सा उधार का है।

भारत ने आपरेशन सिंदूर के तहत जब से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की है, तब से पाकिस्तान के शेयर बाजार में भी हाहाकार की स्थिति है। भारत पाकिस्तान को हर मोर्चे पर मात देने की रणनीति बना रहा है। भारत को आतंक के विरुद्ध युद्ध में एक स्थायी और सुरक्षित रास्ता चुनना होगा। हमेशा दुश्मन की कमजोर नस पर वार करना चाहिए ।पाकिस्तान की असली कमजोरी उसकी अर्थव्यवस्था है। उसके ऐसे सभी स्रोतों पर भारत को प्रहार करना चाहिए से, जहां से उसे तनिक भी विदेशी मुद्रा मिलती है। जैसे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पाकिस्तान से आपसी मैच न खेलकर और चैंपियंस ट्राफी में वहां न जाकर उसे आर्थिक रूप से तगड़ी चोट पहुंचाई, वैसे ही तमाम जतन भारत सरकार को भी करने चाहिए। एक साथ आजाद हुए दोनों देशों के बीच आज बहुत बड़ा अंतर है ।अर्थव्यवस्था के सभी पैमानों पर भारत पाकिस्तान से मीलों आगे है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुताबिक दुनिया का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद पाकिस्तान अर्थव्यवस्था के आकार में 41वें स्थान पर है। भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश है तो इकोनमी के आकार में जल्द ही जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर आ सकता है, जबकि बदहाल



आर्थिकी वाला पाकिस्तान आतंक का अड्डा बना हुआ है ।विश्व बैंक के 2024 के आंकड़े को देखें तो भारत की जीडीपी 3.88 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के करीब है, जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था (0.37 ट्रिलियन डालर) के आकार से दस गुना अधिक है। भारत के पास 677 अरब डालर का विदेशी मुद्रा भंडार है, जबकि पाकिस्तान के पास मात्र 15.5 अरब डालर है और उसमें भी एक हिस्सा उधार का है। पाकिस्तान में नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट अभी 12 प्रतिशत है। एक डालर की कीमत 280 पाकिस्तानी रुपये के बराबर है। विश्व बैंक ने करीब दो साल पहले पाकिस्तान को दक्षिण एशिया की सबसे कमजोर इकोनमी बताया था। पाकिस्तान का कुल कर्ज बढ़कर करीब 70.36 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये हो चुका है। यानी हर पाकिस्तानी पर औसतन 2.34 लाख पाकिस्तानी रुपये का कर्ज है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी फिच रेटिंग्स के मुताबिक, पाकिस्तान को वित्त वर्ष 2024–25 में 2,200 करोड़ डालर से ज्यादा का बाहरी कर्ज चुकाना है ।पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय लगभग पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के भरोसे चल रही है। पाकिस्तान आइएमएफ का पांचवां सबसे बड़ा कर्जदार है। चीन का निर्यात–आयात (एक्जिम) बैंक उसे अतिरिक्त रियायती ऋण देने में हिचकिचा रहा है। अब आइएमएफ से कर्ज की अगली किस्त मिलेगी या नहीं, इस पर भी अनिश्चितता है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की बैठक में अगर पाकिस्तान ग्रे लिस्ट में जाता है तो वह पाई–पाई को मोहताज हो जाएगा ।पाकिस्तान के साथ सभी तरह के कारोबारी रिश्तों को खत्म कर देना उसकी बबार्दी का पहला चरण है। अब भारत को पाकिस्तान के लिए अन्य देशों के साथ भी व्यापार करना बेहद महंगा बना देना चाहिए। भारतीय बंदरगाह पाकिस्तान के सीमित वैश्विक व्यापार मार्गों के लिए बहुत जरूरी लाजिस्टिक कड़ी रहे हैं। भारत ने अपने बंदरगाहों पर पाकिस्तानी जहाजों पर पूर्ण रोक लगाने की शुरूआत कर दी है। पाकिस्तानी जहाज पहले ट्रांस–शिपमेंट, ईंधन भरने और मरम्मत के लिए भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर थे। इन सेवाओं के इन्कार से उसे अब ओमान या संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से लंबे और महंगे पड़ने वाले मार्गों को अपनाने पर मजबूर होना पड़ेगा ।पाकिस्तान के साथ समस्त व्यापार बंद होने से भारत की अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि भारत के कुल वैश्विक व्यापार में पाकिस्तान की हिस्सेदारी 0.06 प्रतिशत से भी कम है और भारतीय व्यापारी अपना यह माल अन्य देशों में आसानी से बेच सकते हैं। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के अनुसार, करीब 10 अरब डालर मूल्य के भारतीय सामान हर साल सिंगापुर, दुबई और कोलंबो के बंदरगाहों के माध्यम से पाकिस्तान पहुंचते थे। ऐसा कतई न हो, यह सुनिश्चित करना होगा ।उत्पादों और सेवाओं के मामले में भारत आज दुनिया के शीर्ष पांच बाजारों में से एक है। यह एशिया की सबसे ज्यादा खुली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जो उद्योग के अधिकांश क्षेत्रों में 100 प्रतिशत तक एफडीआइ की अनुमति देता है। नतीजतन सुई से लेकर हवाई जहाज तक के लिए आज भारत विश्व के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। पाकिस्तान के 60 प्रतिशत से अधिक निर्यात में कपड़ा और संबंधित उत्पाद शामिल हैं, जो मुख्य रूप से अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन और इटली को भेजे जाते हैं। आज भारत के इन सभी देशों से अच्छे संबंध हैं। इसलिए भारत को तत्काल कपड़ा निर्यात की दिशा में काम करना होगा, क्योंकि इस क्षेत्र में वह पाकिस्तान का अच्छा विकल्प भारत आसानी से बन सकता है। ऐसे समय मेक इन इंडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। अब समय आ गया है कि भारत मेक इन इंडिया की उन बाधाओं को दूर करे, जिससे भारत विश्व निर्यात में अपनी भूमिका बढ़ा सके और पाकिस्तान की आर्थिकी की कमर कस कर तोड़ सके।

## ऑपरेशन-सिंदूर : सिंदूर,संवेदना,और सेना तबाह आंतकिस्तान

**संजीव ठाकुर**




22 अप्रैल 25 को पहलगाम में जिन भारतीय महिलाओं के पतियों की आतंकवादी ने निर्मम हत्या कर उनको खून से रूलाया था भारत सरकार और भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तबाह और 100 आतंकवादियों को मारकर उन मासूम वीर वधुओं के आंसुओं के एक-एक कतरे एक-एक बूंद का बदला ले लिया है। हमले में आतंकवादियों ने जिन मासूम भारतीय हिंदू महिलाओं के सिंदूर को उजाडा था तब आतंकवादियों और उनके अकाओं को यह अंदाज भी नहीं रहा होगा कि उनकी इस नापाक हरकत से पूरा पाकिस्तान और आतंकवादियों की पूरी काम को तबाह कर दिया जाएगा। सिंदूर केवल सिंदूर ही नहीं है यह सनातन धर्म,संस्कृति और संस्कार में पवित्र सुहाग का प्रतीक भी है और हिंदू सनातन धर्म में विवाह के पश्चात स्त्रियों का सिंदूर बहुत बड़ा महत्व,अलंकार,स्वाभिमान और अभिमान है और आतंकवादियों ने हमारी देवी स्वरूप भारतीय महिलाओं के सिंदूर की इज्जत ना करके उनके ईस्ट पतियों को गोलियों से मारा है सनातन में यह जघन्य अपराध है और इस अपराध की सजा भारतीय सेना ने पूरी संवेदना,शक्ति, सामर्थ्य और ऊर्जा के साथ भारत सरकार के निर्देशन में आतंकवादियों को और पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों की पूरी कौम को मार कर बदला पूरा किया। भारतीय सेना के जवानों ने लगभग 100 आतंकवादियों को 6 मई को मार गिराया पहलगाम में 27 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के बदले के रूप में सेनाओं ने 9 जगह पर लगभग 20 ठिकानों को बर्बाद कर दिया और 8 मई पाकिस्तान ने फिर जम्मू में गुरुद्वारे पर हमला कर कई निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी जवाब में भारतीय सेना और उनके जवानों ने लाहौर एयरबेस सिस्टम को पूरी तरह नष्ट कर दिया इसके बाद रावलपिंडी, लाहौर इस्लामाबाद, सियालकोट तथा अन्य शहरों में इतनी तबाही मचाई कि पाकिस्तान के वजीर शहबाज शरीफ और पाकिस्तान की फौज के सरगना मौलाना असीम मुनीर बंकर में छुपने के लिए मजबूर हो पड़ा है। वैसे भी पाकिस्तान फौजी पिछले 10 वर्षों से लड़ाई और सिमा निगरानी का काम छोड़कर शराब डीजल और नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे हुए थे और उसका सारा पैसा और धन सेना के अकाओं मे वितरित किया जाता रहा है सेना अपना का काम भूलकर पश्चिम तथा खाडी के देशों से डीजल, पेट्रोल और नशीला पदार्थ की तस्करी में पैसा कमाने में लगा हुआ था। इसके अलावा पाकिस्तानी फौज और और खुफिया संगठन आई एस आई आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने भारत भेजने और भारत में आतंकवादी घटना को अंजाम देने में लगे हुए थे पाकिस्तानी फौज आतंकवादियों की तरह ही काम करते रहे हैं ।पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि स्वतंत्रता के बाद से जितने भी निर्वाचित 18 प्रधानमंत्री बने थे वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर सके और पूरे पाकिस्तान में फौजी और उनके फौजी प्रमुखों ने ही अपना शासन प्रशासन चलाया है उल्लेखनीय है कि सेना ने ही जुल्फिकार अली भुट्टो को देश-द्रोह का आरोप लगाकर फांसी दे दी थी और उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो की हत्या भी करवा दी इसी तरह असिम मुनीर ने इमरान खान को जेल की काल कोठरी में भिजवा दिया है, आतंकवाद की बुनियाद और बारूद पर बैठे पाकिस्तान अंदर से पूरा खोखला हो चुका है। भारतीय फौजी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पीओके में सक्रिय दहशत कर दो के नौ ठिकानों का निशाना बनाया था और पलक झपकते ही उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया था विशेषज्ञ बताते हैं की सेवा की कार्रवाई इतनी सटीक और अनुशासित थी कि भारतीय विमान को पाकिस्तान में घुसने की जरूरत भी नहीं पड़ी। बहावलपुर और मुरीदके में इतनी तबाही मचाई की वहां एक भी बिल्डिंग बची नहीं है उल्लेखनीय है कि यहां पिछले कई दशकों से आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने जम्मू कश्मीर राजस्थान जैसलमेर में पाकिस्तानी लगभग 100 ड्रोन को असफल कर दिया है और इसी तरह ।16 तथा आईएफ 17 को मार गिराया गया है इसी तरह पाकिस्तान के दो पायलट भी हिंदुस्तानी फौज के कब्जे में आ गए हैं अब उनसे पाकिस्तान सेना की महत्वपूर्ण जानकारी ली जाएगी। सेना की इस जवाबी कार्रवाई में पूरे पाकिस्तान को और उसके बड़े शहरों को लगभग तबाह कर दिया है अब पाकिस्तान की सेना उनकी सरकार और उनके यहां पल रहे आतंकवादियों को समझ में आ गया होगा की सिंदूर की क्या ताकत होती है और सनातन में कितनी शक्ति ऊर्जा और सामर्थ्य होता है। भारत पर पाकिस्तानी फौज ने हमास की स्टाइल में हमला किया है आतंकवादी संगठन जैस ए मोहम्मद,लश्कर ए तैयबा जैसे संगठनों के साथ हमास के आतंकवादियों ने जुगलबंदी कर उन्हें पूरी तरह ट्रेंड किया था ठीक उसी तर्ज पर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत पर हमला किया था। अब भारत की फौज ने पाकिस्तान और आतंकवादियों को आक्रमण कर ऐसा सबक सिखाया है कि वह अब सिंदूर और भारतीय नारियों को याद करके कांपने लगेंगे और भारत के सामने नतमस्तक हो अगले कई जन्मों तक आक्रमण करने की नहीं सोचेंगे।

## विश्वास की डोर टूटने न पाए



**(डॉ. फौजिया नसीम 'शाद')**

हम अपने जीवन में विश्वास को साख, ऐतबार, भरोसा, यकीन आदि नामों से जानते हैं। यह एक अत्यंत कीमती भावना है, जो कठिन तपस्या और अनुभवों के पश्चात प्राप्त होती है। हर व्यक्ति इसमें दक्ष नहीं हो सकता, क्योंकि विश्वास करना अपने आप में एक बड़ी शक्ति है-यही वह डोर है जो हमें जीवन के संघर्षों से जोड़कर रखती है।

### विश्वास जीवन की आधारशिला

विश्वास वह शक्ति है जिससे हम संसार को जीतने की क्षमता प्राप्त करते हैं। जब हम स्वयं पर या किसी अन्य पर विश्वास करते हैं, तब यह हमारे रब (ईश्वर) पर हमारी आस्था का भी प्रतीक होता है। यह भावना हमारे मन में उत्साह का संचार करती है, और कठिन समय में भी हमें सकारात्मकता की ओर प्रेरित करती है।

हमारे जीवन में जो कुछ भी अच्छा या बुरा घटित होता है, वह हमारे रब की मजी से ही होता है। वही है जो हमारी परेशानियों को दूर करने की क्षमता रखता है। यह विश्वास ही हमें दुखों और चुनौतियों से लड ? की ताकत देता है।

भविष्य अनिश्चित है, लेकिन विश्वास सुनिश्चित करता है,किसी को नहीं पता कि हमारे जीवन में आगे क्या घटेगा, हम आज जीवित हैं कल न हों, फिर भी हम अपने विश्वास की डोर थामे आगे बढ़ते रहते हैं। यही विश्वास हमें आशा देता है कि हर परिस्थिति के पार भी कुछ बेहतर छिपा है।

विश्वास प्रेम का दूसरा रूप: प्रेम और विश्वास एक-दूसरे के पूरक हैं। विश्वास वह आशा है जो हमें अपने रब पर यकीन करना सिखाती है। इसकी ताकत से बड़े से बड़े कार्य भी सरल हो जाते हैं, जबकि इसके बिना छोटे कार्य भी कठिन प्रतीत होते हैं।

विश्वास को समझें कुछ महत्वपूर्ण बिंदु-

विश्वास एक सीमा तक ही उचित होता है; इसकी अति अंधविश्वास बन जाती है, जो हानिकारक होती है।

हमें सदैव विश्वास की गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

किसी का विश्वास जीतने के लिए, पहले उसके प्रति सच्चे और ईमानदार रहें।

स्वयं पर विश्वास करें, यही आत्मविश्वास की नींव है।

विश्वास संघर्ष की स्थिति में भी शक्ति देता है।

यह धर्म, नीति और समाज का आधार है।

विश्वसनीय लोगों को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

विश्वास का धागा कच्चा होता है एक बार टूट जाए तो फिर से जुडा कठिन होता है।

विश्वास कमाने में वर्षों लग जाते हैं, लेकिन टूटने में एक क्षण ही पर्याप्त होता है।

संबंधों में विश्वास को कभी भी परिस्थितियों के आगे टूटने न दें।

निष्कर्ष: विश्वास हमारे जीवन की बुनियाद है। इसके बिना न तो संबंध बनते हैं, न ही मन की शांति मिलती है। यह आत्मबल देता है, प्रेम को गहराता है और हमें ईश्वर से जोड़ता है। इसीलिए, कभी न टूटे विश्वास की डोर... यही जीवन की सच्ची जीत है।

# खिचड़ी घोटाले में 8 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल, उद्धव ठाकरे के करीबी का भी नाम

मुंबई में कोविड महामारी के दौरान बीएमसी की खिचड़ी वितरण योजना में 14.57 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में किला कोर्ट में 8 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और सरकारी रिकॉर्ड में फर्जीवाड़े के आरोप हैं। जांच में फर्जी दस्तावेज बनाने की बात भी है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : कोविड महामारी के दौरान इटउ की खिचड़ी वितरण योजना में 14.57 करोड़ रुपये की हेराफेरी मामले में 8 आरोपियों के खिलाफ किला कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोपियों पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और सरकारी रेकॉर्ड में फजीवाड़े के गंभीर आरोप लगे थे, जिनकी विस्तृत जांच के बाद एडह ने यह चार्जशीट दायर की है। शिकायत कल्याण में रहने वाले गोपाल पांडुरंग लवाने (36) ने दर्ज कराई थी, जो श्री वैष्णवी किचन और सह्याद्री रिफ्रेशमेंट के साझेदार हैं।शिकायत के अनुसार, अप्रैल 2020 से जुलाई 2020 के बीच कोविड संकट के दौरान आरोपियों ने 100-200 ग्राम वजन के पैकेटों की आपूर्ति की और 300 ग्राम प्रति पैकेट के हिसाब से भुगतान वसूला। इसमें 6.27 करोड़ रुपये का घपला किया। इन आठ आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्रआठ आरोपियों सुनील कदम उर्फ बाला कदम, राजीव सालुंखे, सुजीत पाटकर, संजय चंद्रकांत माशेलकर, प्रांजल माशेलकर, प्रीतम माशेलकर, सूरज चव्हाण और अमोल गजानन कीर्तिकर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।आरोपियों ने जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे

# 26/11 मुंबई अटैक की तरह पाकिस्तान कर सकता है घुसपैठ, नेवी ने किया अलर्ट, मछुआरों के लिए भी चेतावनी जारी

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए महाराष्ट्र अलर्ट में आ गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में पुलिस, तटरक्षक बल और नौसेना अलर्ट मोड पर हैं और सभी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जा रहा है। प्रमुख विभागों के कर्मियों की छुट्टी रद्द की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : भारत-पाकिस्तान के बीच बिगड़ती स्थिति के मद्देनजर मुंबई में नौसेना अलर्ट मोड पर है। भारतीय नौसेना ने मुंबई में मछुआरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की है। इस दौरान नौसेना ने मछुआरों को संवेदनशील क्षेत्रों में मछली पकड़ने के लिए नहीं जाने की सलाह दी है। जानकारी के अनुसार, भारतीय नौसेना ने आशंका जताई है कि नौकाओं का इस्तेमाल पाकिस्तान 26/11 मुंबई अटैक की तरह कर सकता है, इसलिए मछुआरों को अलर्ट किया गया है। साथ ही मुंबई में जल्द ही मछली पकड़ने वाली नौकाओं का सर्वेक्षण किया जाएगा और एक ऐप की मदद से उनका डेटा एकत्र किया जाएगा।राज्य सरकार यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि मछुआरों की अधिकतर नौकाएं ट्रांसपोंडर से सुसज्जित हों ताकि उनके स्थानों पर नजर रखी जा सके। सरकारी अधिकारी ने बताया कि प्राधिकारियों ने पालघर तट के पास दो स्थानों की पहचान की है, जो मुंबई के उत्तर में स्थित है और जहां मछुआरे नियमित रूप से एकत्र होते हैं। प्राधिकारियों ने मछुआरों से वहां एकत्र न होने को कहा है।

## मछुआरों को भी किया अलर्ट

अधिकारी ने कहा कि हमने मछुआरों से भी आग्रह किया है कि वे नौसेना की मदद करें और समुद्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में पता लगने पर अधिकारियों को सतर्क करें।भारतीय सेना के अनुसार, 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तान ने कई हमले किए, जिन्हें भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक नाकाम किया।सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी से यह भी स्पष्ट हो चुका है कि जब पाकिस्तान ने जम्मू और पंजाब के कई इलाकों पर हमला करने की कोशिश की तो भारत ने उसे करारा जवाब दिया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान और दो जेएफ-17 विमान भी मार गिराए गए।

## पाकिस्तान ने किए हमले

पाकिस्तान ने भारत के कई हिस्सों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय वायु रक्षा ने उनके भेजे गए ड्रोन को भी गिरा दिया। भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में उड़ रहे उनके एयरबोर्न वार्निंग और कंट्रोल सिस्टम को भी मार गिराया है।

# फास्ट ट्रैक

## नागपुर-गया-नागपुर स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । रेल प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारण के चलते नागपुर-गया-नागपुर स्पेशल ट्रेन 01-01 ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है।

1) गाड़ी संख्या 01203 नागपुर से गया स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 मई 2025 को निरस्त रहेगी।

2) गाड़ी संख्या 01204 गया से नागपुर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 13 मई 2025 को निरस्त रहेगी।

यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## इंस्टाग्राम पर देश के दुश्मन का गुणगान, लिखा पाकिस्तान जिंदाबाद ... पुणे में 19 साल की लड़की गिरफ्तार

पुणे शहर पुलिस ने कौसरबाग की रहने वाली एक 19 वर्षीय छात्रा को गिरफ्तार किया है।उस पर आरोप है कि उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' लिखा था।पुलिस कांस्टेबल सुभाष जरांडे ने कोंढवा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई।पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक 19 वर्षीय छात्रा को गिरफ्तार किया है।छात्रा पर आरोप है कि उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक कमेंट पोस्ट किया था।कमेंट के अंत में उसने पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था।पुलिस ने यह कार्रवाई शुक्रवार को की। पुलिस कांस्टेबल सुभाष जरांडे ने कोंढवा पुलिस स्टेशन में इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई। डीसीपी राजकुमार शिंदे ने बताया कि आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है।पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152, 196, 197, 299, 352 और 353 के तहत मामला दर्ज किया है।पुलिस कर रही मामले की जांचएफआईआर के अनुसार, पुलिस को सोशल मीडिया पर एक ऐसी पोस्ट मिली जो आपत्तिजनक थी।यह पोस्ट पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के दौरान की गई थी। पुलिस को लगा कि यह पोस्ट देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा है।पुलिस का कहना है कि वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं।वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आरोपी ने यह पोस्ट क्यों की।वे यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इस पोस्ट के पीछे कोई और भी शामिल है।पुलिस ने क्या बतायापुलिस के अनुसार, उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों की पाकिस्तान के खिलाफ चल रही कार्रवाई के दौरान सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट मिली। यह पोस्ट आरोपी युवती द्वारा प्रसारित की गई थी।इसके बाद पुलिस ने कोंढवा के कौसरबाग में रहने वाली छात्रा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी छात्रा पुणे के एक कॉलेज में पढ़ती है।पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ से मामले की सच्चाई सामने आएगी।पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या आरोपी का किसी आतंकी संगठन से कोई संबंध है।वहीं 'सकल हिंदू समाज' के कार्यकर्ताओं ने आरोपी महिला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।उन्होंने कहा कि महिला ने आपत्तिजनक पोस्ट की है।



# देवेंद्र फडणवीस की इमरजेंसी बैठक, महाराष्ट्र में सारी छुट्टियां रद्द

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर महाराष्ट्र सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुलिस, तटरक्षक बल और नौसेना को अलर्ट कर दिया है। सभी जिलों में मॉक ड्रिल और वार रूम स्थापित करने के आदेश दिए गए हैं। महत्वपूर्ण विभागों के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए महाराष्ट्र अलर्ट में आ गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में पुलिस, तटरक्षक बल और नौसेना अलर्ट मोड पर हैं और सभी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जा रहा है। राज्य के प्रत्येक जिले में मॉक ड्रिल करने और जिला स्तर पर वार रूम स्थापित करने का आदेश दे दिया गया है। प्रमुख विभागों के कर्मियों की छुट्टी रद्द की। मुख्यमंत्री आवास वर्षा पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य की पुलिस और प्रशासनिक मशीनरी के साथ बैठक कर महाराष्ट्र की सुरक्षा और तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट जैसे विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए कई सारे दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम आदमी को विडियो के जरिए ब्लैकआउट की जानकारी देने के लिए कहा गया है।

## अलर्ट के बाद सरकार ने जारी की अडवाइजरी



संबंधित स्टोरीज

हम 'सख्त' तरीके से कह रहे हैं... भारत और पाकिस्तान में युद्ध जैसे हालात पर अमेरिका के बाद आया चीन का बयान, जानें क?या कहा

'अफगान मूर्ख नहीं हैं, पाकिस्तान जहां खत्म होता है..', ऑपरेशन सिंदूर पर असीम मुनीर की सेना के दावे की इनसाइड स्टोरी

'शाहरुख खान' को दोस्त ने मारा चाकू, आधी रात को हुई बड़ी घटना ने ले ली जान, जानें पूरा मामला

'ऑपरेशन सिंदूर' फिल्म का पोस्टर डिलीट, देश के मुश्किल समय में इस हरकत पर डायरेक्टर ने मांगी माफीयुद्ध रणनीति के अनुसार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस, नौसेना और तटरक्षक बल अलर्ट मोड पर हैं। नियमित अभ्यास किए जा रहे हैं और जो भी कदम उठाने की जरूरत है, उनका ध्यान रखा जा रहा है। आंतरिक सुरक्षा पर समीक्षा बैठक बाद में बुलाई जाएगी। हम अलर्ट मोड पर हैं।

देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय

- राज्य के प्रत्येक जिले में मॉक ड्रिल करने का आदेश।
- सभी जिले में जिला स्तरीय वार रूम स्थापित करें।
- राज्य के महत्वपूर्ण विभाग जैसे स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की छुट्टियां रद्द करने का निर्णय।
- ब्लैकआउट के दौरान अस्पतालों के साथ समन्वय प्रणाली स्थापित करें।
- टार्गेट से बचने के लिए वैकल्पिक बिजली व्यवस्था से सिस्टम को चालू रखें।
- बाहर से प्रकाश को दिखाई न देने के लिए गहरे रंग के पर्दे या कांच का उपयोग करें।

# आरे से कफ परेड का सफर होगा आसान

मुंबई में पहली अंडरग्राउंड मेट्रो का 22.46 किमी मार्ग यात्रियों के लिए खुल गया है, जिससे गोरेगांव से वर्ली तक का सफर आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने बीकेसी स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया और अगस्त तक पूरे कॉरिडोर को खोलने का लक्ष्य रखा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : पहली अंडर ग्राउंड मुंबई मेट्रो का 33.5 किमी में से 22.46 किमी का मार्ग आम यात्रियों के लिए खुल गया है। इसका मतलब यह है कि यात्री गोरेगांव से वर्ली तक का सफर मेट्रो ट्रेन के माध्यम से कर सकेंगे। शनिवार सुबह 6.30 बजे से यात्री आरे स्टेशन से आचार्य आत्रे चौक स्टेशन तक मेट्रो से सफर कर सकेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मेट्रो-3 कॉरिडोर के दूसरे फेज के तहत तैयार बीकेसी स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखा ट्रेन को रवाना किया। साथ ही मेट्रो में सफर कर मेट्रो के नए मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐलान किया कि अगस्त तक मेट्रो-3 कॉरिडोर के बचे हुए 11 किमी मार्ग को यात्रियों के लिए खुल दिया जायगा। 'अंतिम फेज का उद्घाटन करवाएंगे पीएम से'कहा कि यात्री अगस्त से कफ परेड तक मेट्रो में सफर कर सकेंगे। मुंबई मेट्रो के अंतिम फेज का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से कराया जाएगा। गिरगांव जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में मेट्रो के दो स्टेशनों का काम अंतिम चरण में चल रहा है। पूरे रूट पर मेट्रो के दौड़ने से मेट्रो यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होगा। मेट्रो को सीधे एयरपोर्ट से कनेक्ट करने का काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर साल 50 किमी के नए मार्ग पर मेट्रो सेवा शुरू करने की दिशा में काम कर रही है।एक टिकटएमएमआर में मेट्रो, मोनो रेल, लोकल ट्रेन, बेस्ट की बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक टिकट व्यवस्था का ट्रायल रन चल रहा है। इसके सफल होने पर इस प्रणाली को पुरे एमएमआर में लागू कर दिया जायगा। इसके तहत यात्री एक कार्ड के माध्यम से सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे।यात्रियों के लिए ट्रैवल ऐपमेट्रो सेवा के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री ने यात्रियों को उनके ट्रैवल प्लान दशार्ने वाले ऐप तैयार कराने की घोषणा की। फडणवीस के अनुसार, ऐप के माध्यम से यात्रियों को एमएमआर की सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की जानकारी उपलब्ध होगी और वे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के लिए किस परिवहन का इस्तेमाल करना है, इसका विवरण देख सकेंगे। इसके साथ ही बेस्ट बसों की सेवा को गूगल मैप से जोड़ने की योजना भी है, ताकि यात्री बस के आने का समय और स्थान एक क्लिक में जान सकें।



# जिन्ना हाउस की तरह मुंबई के सावरकर सदन को मिलेगा हैरिटेज टैग ?

बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि वीर सावरकर के निवास स्थान, शिवाजी पार्क, दादर (पश्चिम) स्थित सावरकर सदन को हेरिटेज स्टेटस कब दिया जाएगा। कोर्ट ने सरकार से इस बारे में जानकारी मांगी है। विनायक दामोदर सावरकर की 93 वर्षीय बहू सावरकर सदन में रहती हैं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने दादर स्थित सावरकर सदन को अंतरिम सरंक्षण दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तक सदन की स्थिति में बदलाव न करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह निर्देश अभिनव भारत कांग्रेस की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिया है। सदन को गिराने के संबंध में मीडिया में आयी खबरों के आधार पर यह याचिका दायर की गई है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि सदन को विरासत का दर्जा देने का काम कब तक पूरा किया जाएगा।विनायक दामोदर सावरकर की बहू सावरकर सदन में रहती हैं। वह 93 साल की हैं। जस्टिस ए एस चंदुरकर और नीला गोखले की बेंच ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह बताए कि सावरकर सदन को हेरिटेज स्टेटस देने में कितना समय लगेगा।

## हाई कोर्ट में हुई थी याचिका

हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि अगली सुनवाई 13 जून को होगी, तब तक संपत्ति की स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। अभी जैसी स्थिति है, वैसी ही बनी रहेगी। अभि नव भारत कांग्रेस नाम के एक संगठन ने हाई कोर्ट में (जनहित याचिका) दायर की है। इस संगठन के अध्यक्ष पंकज फडणवीस हैं।

## याचिका में क्या किया गया दावा

याचिका में एक खबर का हवाला दिया गया है। याचिका में आशंका जताई गई है कि सावरकर सदन को हेरिटेज स्टेटस मिलने से पहले ही उसे तोड़ा जा सकता है। याचिका में बॉम्बे हाई कोर्ट से सरकार को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वह (बृहन्मुंबई नगर निगम) की अगस्त 2010 की सिफारिश के अनुसार सावरकर सदन को हेरिटेज लिस्ट में शामिल करे। साथ ही, केंद्र सरकार से इसे राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित करने के लिए कदम उठाने की मांग की गई है।

## राज्य सरकार ने नहीं दिया ध्यान

यह याचिका इसलिए भी दायर की गई है ताकि सावरकर के पुराने घर को जिन्ना हाउस के समान ग्रेड कक अ हेरिटेज स्टेटस मिल सके। ग्रेड कक अ स्ट्रक्चर स्थानीय महत्व के होते हैं और उनमें केवल अंदरूनी बदलाव की अनुमति होती है। याचिका में कहा गया है कि 2008-09 में हाई कोर्ट ने एक पर फैसला लेने के लिए कहा था, लेकिन राज्य सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।कोई नोटिफिकेशन नहीं हुआ जारीफडणनीस ने कहा कि जनवरी 2012 में ने शहरी विकास विभाग को लिखा था कि हेरिटेज कंजर्वेशन कमेटी ने फरवरी 2009 में ग्रेड कक अ हेरिटेज स्टेटस देने की सिफारिश की थी।

पत्र में कहा गया था कि एक पब्लिक नोटिस जारी किया गया था, जिस पर कोई सुझाव या आपत्ति नहीं आई थी। इसके बाद अगस्त 2010 में एक फाइनल सिफारिश (शहरी विकास विभाग) को सौंपी गई थी, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई अंतिम नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है।

# पश्चिम रेलवे ने पार्सल व्यवसाय और राजस्व को बढ़ावा देने के लिए हितधारकों की बैठक आयोजित की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, पश्चिम रेलवे ने चर्चगेट स्थित अपने मुख्यालय में श्री तरुण जैन, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक (पीसीसीएम) के नेतृत्व में पार्सल ग्राहकों के साथ एक बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में पार्सल सेवाओं को बढ़ाने और राजस्व बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए वाणिज्यिक और परिचालन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न डिवीजनों के 20 से अधिक प्रमुख पार्सल लीजधारकों और एग्रीगेटर्स को एक साथ लाया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक ने नए वित्तीय वर्ष के लिए आगामी पहलों पर चर्चा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें विशेष ट्रेनें, वंदे भारत पार्सल ट्रेनें, डीम्ड वीपी और संयुक्त पार्सल उत्पाद सेवाएं शुरू करना शामिल है। इन नवाचारों का उद्देश्य रेलवे की रसद पेशकशों को मजबूत करना और पार्सल आवाजाही में दक्षता में सुधार करना है। हितधारकों को पार्सल व्यवसाय का समर्थन और विस्तार करने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सक्रिय उपायों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने संवाद में सक्रिय रूप से भाग लिया, अपने जमीनी अनुभव साझा किए और परिचालन को बढ़ाने के लिए रचनात्मक सुझाव दिए। हितधारक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, रेलवे प्रशासन ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को और अधिक सहायक और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबोधित किया जाएगा। बदले में, पार्सल लीजहोल्डर्स ने राजस्व वृद्धि और सेवा सुधारों को आगे बढ़ाने में अपनी निरंतर भागीदारी का वचन दिया। पश्चिम रेलवे ग्राहकों और अर्थव्यवस्था के लाभ के लिए अपनी पार्सल सेवाओं को मजबूत करने के लिए मजबूत हितधारक संबंधों को बढ़ावा देने और नवाचार का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# शादी के तीसरे दिन देश सेवा के लिए निकले फौजी पति, भावुक हुई पत्नी बोलीं- अपना सिंदूर भेज रही हूं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणे : महाराष्ट्र के जलगांव में रेलवे स्टेशन पर भारत माता की जय गूंज रही थी। सेना की वर्दी पहले एक शख्स को स्टेशन पर परिवार और रिश्तेदार छोड़ने आए थे। इनके बीच एक नई नवेली दुलहन भी नजर आ रहा थी। उसके हाथों पर मेहंदी लगी थी।


## पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्री की आपूर्ति

ई-खरीद निविदा सूचना क्रमांक : एस/27/2025 दिनांक 08.05.2025

| क्रमांक | वस्तु का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 216 | एलएचबी कोच हेतु लेफ्ट वर्जन के हैंड ब्रेक अरेंजमेंट के साथ ब्रेक सिलिंडर विथ | 40 नग | 04-जून-25 |
| 217 | ब्लाइंड सॉकेट असेंबली | 202 नग | 04-जून-25 |
| 218 | डिझेल चालित स्वचालित आर्टिक्युलेटेड बूम लिफ्ट | 1 नग | 05-जून-25 |
| 219 | हिताची प्रकार ट्रैक्शन मोटर हेतु गियर केस असेंबली | 615 सेट, 36795 नग | 09-जून-25 |
| 220 | कंप्रेसर हेतु आईओएच किट | 130 सेट | 09-जून-25 |
| 221 | हॉरिजोंटल बोरिंग व मिलिंग मशीन | 2 नग | 09-जून-25 |
| 222 | हिताची प्रकार ट्रैक्शन मोटर हेतु गियर केस असेंबली | 286 नग | 09-जून-25 |
| 223 | बीएमबीसी कोचेस हेतु ब्रेक बीम कम्प्लीट | 4033 नग | 01-जुलाई-25 |

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना क्रमांक एस-19-2025 दिनांक 04.04.2025 के क्रमांक 174 के लिए कृपया अंतिम तिथि "09.06.2025" पढ़ी जाए.

विस्तृत सूचना, ईएमडी, खरीद प्रतिबंध व निविदा की शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in तथा www.wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें. 0134

Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : twitter.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

ऑक्ज़िलरी ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति

डीईई/टीआरडी/बीएल द्वारा **निविदा सूचना क्रमांक ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-25-26-2 दिनांक 09.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : मुंबई मंडल के विरार-सूरत में ओवरएज्ड एएलस्टॉम निर्मित एएफटीसीएस को ड्युअल डिजिटल एक्सल काउंटर से प्रतिस्थापित करने के संबंध में ऑक्ज़िलरी ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति. **विज्ञापित मूल्य** : रु. 3,81,88,283/-, **ईएमडी** : रु. 3,41,000/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 02.06.2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 02.06.2025 को 15:30 बजे, अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0139

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

मसाला वस्तुओं की आपूर्ति एवं प्रावधान

मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (पीएस एवं केटरिंग), पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई द्वारा निविदा क्रमांक : ई-333158 एफ आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम एवं स्थान** : चर्चगेट की विभागीय केटरिंग इकाई हेतु मसाला वस्तुओं की आपूर्ति एवं प्रावधान. **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : एक (1) वर्ष, **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 11,15,208.00, **ई-बोलियां ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 28.05.2025 को 11.00 बजे तक, अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0126

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

विद्युत (पावर) कार्य

वरि.डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा सूचना क्रमांक : ईएल-81-886-डब्ल्यूए-67 (आर) दिनांक 07.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : विरार - सूरत अनुभाग – एडीईएन/डीआरडी के अधिकार क्षेत्र में स्थित स्टाफ क्वार्टर्स (प्रकार II – 300 नग) के उन्नयन के संबंध में विद्युत (पावर) कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 23,00,508.00/-, **बोली सुरक्षा का मूल्य (ईएमडी)** : रु. 46,000.00/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 05.06.2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 05.06.2025 को 15:30 बजे, अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0131

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

दिव्यांगजन के लिए विभिन्न अभिगम्यता सुविधाएं प्रदान करने का कार्य

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा **निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/42 दिनांक 09.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : विरार-जोरावासन अनुभाग - वरिष्ठ डीईएन/एन/एमएमसीटी के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दिव्यांगजनों हेतु विभिन्न अभिगम्यता सुविधाएं प्रदान करना. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 151499879.93/-, ईएमडी : रु. 907500/-, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 06.06.2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 06.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0137

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

रिमॉडेलिंग कार्य

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/39 दिनांक 08/05/2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : उकाईसोनगढ-जलगांव अनुभाग - धुले - नरडाणा नई रेल लाइन परियोजना (50.060 किमी) के संबंध में नरदाणा यार्ड का रिमॉडेलिंग कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 7,38,61,809.87, **ईएमडी** : रु. 5,19,300.00, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 03/06/2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 03/06/2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0129

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

फायर फाइटिंग सिस्टम का संचालन

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा **निविदा सूचना क्रमांक : बीसीटी/25-26/41 दिनांक 09.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : दादर (गगनचुंबी इमारत) – 1825 दिनों के लिए दादर की बहुमंजिला इमारत में स्थापित फायर फाइटिंग सिस्टम का संचालन. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,26,57,094.97/-, **ईएमडी** : रु. 2,13,300.00/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 03.06.2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 03.06.2025 को 15:30 बजे. **टिप्पणी** : निविदा दस्तावेज़, शुद्धिपत्र एवं अन्य विवरण डाउनलोड करने हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं. 0135

Like us on : facebook.com/WesternRly

# उल्हासनगर मनपा की वेबसाइट हैक करने का प्रयास नाकाम।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. भारत पाकिस्तान के बीच चल तनाव और हवाई हमलों के बीच देश में साइबर हमलों की भी घटनाएं बढ़ने की खबरें आ रहीं है हालांकि शनिवार शाम 5 बजे से दोनों देशों के मध्य युद्धविराम की घोषणा हो गई हैं।युद्ध की परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। जानकारी मिली है कि शनिवार को साइबर क्राइम का हमला उल्हासनगर महानगरपालिका की वेबसाइट को हैक करने के लिए भी हुआ है।पाकिस्तानी हैकरों द्वारा मनपा की वेबसाइट को हैक किए जाने की कोशिशें भी की गई है ऐसा दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मनपा की आईटी टीम ने अपनी कार्यकुशलता और तकनीकी कौशल से इस प्रयास को असफल कर दिया है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मनपा की वेबसाइट हैक करने की कोशिश वास्तविकता में किसने की है। साइबर हैकिंग की खबर से मनपा प्रशासन में हलचल मच गई।इस संबंध में मनपा की टेक्निकल टीम द्वारा तत्काल जांच शुरू कर दी गई है। मनपा के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार वेबसाइट हैक करने की कोशिश पाकिस्तान के तरफ से की गई है,इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है लेकिन हैकिंग की कोशिश अवश्य हुई है।यह कृत्य किसका हो सकता है इसका पता लगाने की कोशिश जारी है।मनपा की आईटी तकनीकी टीम ने वेबसाइट हैकिंग के प्रयास को नाकाम कर दिया है।वेबसाइट सुरक्षित है और इसे किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है,ऐसा दावा किया जा रहा है। मनपा प्रशासन द्वारा कहा गया कि यह पाकिस्तान की करतूत नही थी बल्कि किसी शातिर साइबर अपराधी की करतूत हो सकती है। मनपा द्वारा सामान्य नागरिकों से आह्वान किया गया है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करे। सावधानी रखें और सतर्क रहें।

# जिला प्रशासन युद्ध की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , देश में वर्तमान युद्धग्रस्त स्थिति की पृष्ठभूमि में, जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार जिले में आपदा प्रबंधन तंत्र को अधिक कुशल बनाने पर जोर दिया है। जिलाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा नागरिक सुरक्षा बल के नियंत्रक अशोक शिनगारे की अध्यक्षता में आज जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।हालांकि दोनों देशों के बीच दो दिन की सीजफायर हो गई है। अगली बैठक 12 मई को होने वाली है इसके बावजूद आवश्यक सतर्कता बरतना जरूरी है आज की बैठक में बोलते हुए जिलाधिकारी शिनगारे ने सुरक्षित आश्रय स्थलों का चयन कर उन्हें सभी सुविधाओं से सुसज्जित रखने तथा नियंत्रण कक्षों को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सायरन की नियमित जांच, जिले में संवेदनशील स्थानों की पहचान और उनकी सुरक्षा व्यवस्था की त्वरित निगरानी पर भी विशेष जोर दिया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन के दौरान सामाजिक संगठनों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए उनसे संबंधित जानकारी को अद्यतन रखने के भी आदेश दिए। जिलाधिकारी ने आपूर्तिकताओं से आग्रह किया कि वे अपने विभागों से संबंधित समस्त सूचनाएं यथाशीघ्र अपडेट करें तथा आवश्यक वस्तुओं एवं सामग्रियों की सूची तैयार करें। उन्होंने आान किया, अब समय आ गया है कि सभी लोग जिम्मेदारी से काम करें। यह समय देश और समाज के लिए मिलकर काम करने का है। सभी लोग अपने कर्तव्य को पहचानें और पूरी तैयारी करें। जब समय आए तो अपने कर्तव्य को पूरा करने के लिए पीछे मुड़कर न देखें।उन्होंने आगे कहा कि सभी को छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौटने का आदेश दिया गया है और अब उन सभी के लिए 'परीक्षण का समय' है, इसलिए सभी को हर तरह से तैयार रहना चाहिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे और संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण ने भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने-अपने विभागों की तैयारियों की जानकारी दी तथा जिला प्रशासन के प्रयासों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त कलेक्टर हरिचंद्र पाटिल, निवासी डिप्टी कलेक्टर डॉ. एस.के. संदीप माने, मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, सुनील पवार, अधीक्षक अभियंता सुषमा गायकवाड़, सभी प्रांतीय कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नागरिक सुरक्षा बल के उप नियंत्रक विजय जाधव, मनपा के उपायुक्त, कार्यकारी अभियंता सुनील पाटिल, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनिता जवंजाल, भारतीय सेना और वायु सेना के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।कुल मिलाकर, वर्तमान युद्धग्रस्त स्थिति की पृष्ठभूमि में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह आपातकालीन बैठक और जिला कलेक्टरों द्वारा दिए गए निर्देश, जिले में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक कुशल बनाने की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं।

फास्ट ट्रैक

# नदी पार करते समय मां की गोद से गिरा बच्चा..मौत

## आवारा पशुओं को देखकर घबरा गई थी मां, 2 घंटे बाद मिला शव

शाहजहांपुर, तिलहर थाना क्षेत्र में स्थित बिरसिंहपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। खेत से घर लौटते समय कठिना नदी पार करते वक्त एक मां की गोद से दो साल का बच्चा गिर गया। नदी में डूबने से बच्चे की मौत हो गई। गोमती देवी अपने दो साल के बेटे यशपाल को गोद में लेकर खेत से घर लौट रही थीं। कठिना नदी पार करते समय वहां कुछ आवारा पशु अचानक भागने लगे। इससे घबराई गोमती की गोद से यशपाल नदी में गिर गया। मां तुरंत बच्चे को बचाने के लिए भागी। कुछ देर बाद वह ग्रामीणों के साथ बच्चे की तलाश में लौटी। करीब बीस मिनट बाद बच्चे का शव नदी से बरामद कर लिया गया। परिजनों ने बताया कि खेत के पास से ही नदी गुजरती है। रोज नदी पार करके खेत में जाना पड़ता है। जहां बच्चा गिरा, वहां पानी कम था। लेकिन दो साल के बच्चे के लिए वह घातक साबित हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# एसपी का बड़ा फेरबदल

## 11 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले, 2 को लाइन भेजा; अपराध पर अंकुश लगाने की कोशिश

शाहजहांपुर, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एसपी राजेश द्विवेदी ने व्यापक स्तर पर फेरबदल किया है। उन्होंने 11 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमे दो उपनिरीक्षकों को पुलिस लाइन भेज दिया है। चौक कोतवाली के राजघाट पुलिस चौकी की जिम्मेदारी सुशांत रावत को सौंपी गई है। सदर की उस्मान बाग चौकी प्रभारी मनोज कुमार को अजीजगंज चौकी भेजा गया है। निगोही थाने में तैनात रामनारायण सिंह को उपनिरीक्षक थाना निगोही बनाया गया है। कोतवाली में तैनात विवेक कुमार को सदर बाजार की उस्मान बाग चौकी पर नियुक्त किया गया है। चौक कोतवाली की अजीजगंज चौकी से इतेश कुमार को थाना सदर बाजार भेजा गया है। कांट थाने से भूपेंद्र को आरसी मिशन के सरायकाईयां चौकी पर स्थानांतरित किया गया है। सरायकाईयां चौकी से नरगेश कुमार को सिंधौली थाने की कोरो कुईयां चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस लाइन से चंद्रशेखर को आरसी मिशन के फतेहपुर चौकी भेजा गया है। फतेहपुर चौकी से धर्मेंद्र कुमार को थाना पुवायां भेजा गया है। थाना परौर में तैनात प्रांजल सिंह यादव और रोजा थाने में तैनात शुभम भारती को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। एसपी ने स्पष्ट किया कि यह फेरबदल क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए किया गया है।




# ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज में मदर डे कार्यक्रम

## मदर डे पर मातृ शक्ति को समर्पित रहे क्लास

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रतापगढ़ ( उप्र ) मल्हूपुर के ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज में मदर डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों ने मातृ शक्ति को समर्पित पेंटिंग , कविता और स्लोगन के माध्यम से माहौल को गमगीन कर दिया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने मदर डे पर सुंदर, आकर्षक और भावुक कर देने वाली चित्रकारी की। मदर डे के अवसर पर ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी और मैनेजर रीना तिवारी ने मातृ शक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मदर डे पर मातृ शक्ति को बधाई दी। मदर डे कार्यक्रम के लिए ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज को सुंदर ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गयी। ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी ने कहा कि मदर डे मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है लेकिन छुट्टी का दिन होने से विद्यालय परिवार ने एक दिन पूर्व मदर डे कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें प्रिंसिपल और शिक्षक ने बहुत ही सराहनीय तैयारी की थी, स्टाफ सुबह से ही कार्यक्रम को लेकर मेहनत कर रहा था। मदर डे पर सभी बच्चों को विद्यालय परिवार की तरफ से गिफ्ट दिया गया। ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज की मैनेजर रीना तिवारी ने कहा कि ममता जीवन की सबसे गहरी सीख सिखाती है। माँ की ममता की छांव में हमें संरक्षण मिलता है। माँ की ममता हमें अपने सपनों को पूरा करने की हिम्मत देती है। उपस्थित अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज शिक्षा के साथ साथ संस्कार और संस्कृति से भी बच्चों को जोड़कर रखा है। आज के माहौल में माता पिता की सेवा बहुत बड़ी समस्या समाज में देखी जा रही है। ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज इस तरह का आयोजन कर सराहनीय कार्य कर रहा है जो समाज के लिए बेहद जरूरी है। मदर डे कार्यक्रम में प्रिंसिपल और शिक्षक आशीष कोठारे , आकांक्षा राय , विशाल उपाध्यक्ष , अंकित रावत, शालिनी दानियाल , ज्योत्सना दानियाल, प्रतिमा श्रीवास्तव , जेजीर अमु , निशा पांडेय, वैभव तिवारी, अंजनी सिंह , नंदिता दास, सरोज बाला राय, सुशांत सर, निलेश तिवारी , अभिसार कुमार,अविनाश तिवारी, प्रभात पांडेय, अखिलेश पांडेय, जितेन्द्र सिंह शेखर, आदित्य मिश्रा, अनिरुद्ध मौर्य का सराहनीय सहयोग रहा। मदर डे कार्यक्रम के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी और मैनेजर रीना तिवारी ने विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन करते हुए अभिनंदन किया।

# स्कूल वाहन को डंपर ने मारी टक्कर

## वाहन पलटा, एक बच्चे के सिर में लगी चोट

रायबरेली, उत्तर प्रदेश के रायबरेली के महराजगंज में शनिवार सुबह एक स्कूल वाहन को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। यह हादसा खेरवा-मुरैनी के पास हुआ। टक्कर के बाद स्कूल वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया, जिसमें एक छात्र घायल हो गया। वाहन के पलटते ही घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने सभी बच्चों को वाहन से सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में एक बच्चे के सर में चोट आई। घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। अन्य सभी बच्चे सुरक्षित हैं। स्थानीय निवासी करण सिंह, राहुल मिश्रा, दीपू पाशी और प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों, खासकर ट्रकों और डंपरों की आवाजाही अत्यधिक हो गई है। टोल टैक्स बचाने के लिए ये वाहन शहर के बीचों-बीच से निकाले जा रहे हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

# पीएसी जवान की सड़क हादसे में मौत



- अयोध्या ड्यूटी जाते समय सुलतानपुर में कार ने मारी टक्कर, 15 साल आर्मी में दी सेवा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, प्रयागराज पीएसी की चौथी बटालियन के जवान कृष्ण कुमार यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। बृहस्पतिवार को वह सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रयागराज से अयोध्या जा रहे थे। सुलतानपुर में प्रसाधन के लिए रुके थे। इसी दौरान पीछे से आई अनियंत्रित कार ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। करीब 5 घंटे तक जिंदगी से जंग लड़ने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। कृष्ण कुमार यादव नया पुरवा सोंडासी गांव के रहने वाले थे। उनके पिता रामस्वरूप यादव पूर्व सरेनी विधानसभा अध्यक्ष रहे हैं। कृष्ण कुमार ने भारतीय थल सेना में 15 साल और भारतीय रेलवे में 1 साल सेवा दी। इसके बाद वह उत्तर प्रदेश पीएसी में कार्यरत थे। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा। शनिवार को डलमऊ गंगा घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बटालियन के जवानों ने अंतिम सलामी दी। कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

# 2.80 करोड़ का सामुदायिक भवन तैयार

- वित्त मंत्री खन्ना और सांसद सागर ने किया लोकार्पण, बाबा साहेब की प्रतिमा का भी अनावरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, प्रदेश का पहला ऐसा सामुदायिक भवन तैयार हुआ है, जो सांसद और विधायक निधि के सहयोग से बना है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और भाजपा सांसद अरुण सागर ने इस भवन का लोकार्पण किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम से बने इस सामुदायिक भवन की लागत 2 करोड़ 80 लाख रुपये है। इसमें सांसदों ने अपनी निधि से 35-35 लाख और विधायकों ने 25-25 लाख रुपये का योगदान दिया है। छावनी परिषद की भूमि पर बने इस भवन में 4 सुसज्जित सूट हैं। इसके अलावा एक गेस्ट रूम, एक किचन और एक डायनिंग हॉल बनाया गया है। 80 लोगों की क्षमता वाला एक विशाल मीटिंग हॉल भी है। छावनी परिषद ने भवन में फर्नीचर उपलब्ध कराया है। आईटीसी ने भवन में सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की है। वित्त मंत्री ने बताया कि नगर में पहले से तीन सामुदायिक भवन हैं। अब 22.82 करोड़ की लागत से एक सर्किट हाउस बनेगा। ककरा में नगर निगम कार्यालय के सामने गेस्ट हाउस का भी निर्माण होगा। इस अवसर पर नेताओं ने संगमरमर से बनी बाबा साहेब की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

# कार की टक्कर से 20 मीटर घिसटा युवक

## सड़क पार कर रहा था वेटर, दूसरी जगह चाट खा रहे युवक को कार ने कुचला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना थाना बंडा क्षेत्र में हुई। यहां 28 वर्षीय अमित मैरिज लॉन से बाहर निकलकर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना में दिख रहा है कि टक्कर के बाद अमित सड़क पर करीब 20 मीटर तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। अमित सिंधौली के पसगनपुर गांव के रहने वाले थे और धमार्पुर में अपने बहनोई के यहां रहकर वेटर का काम करते थे। पुलिस कर रही चालकों की तलाश दूसरी घटना थाना कटरा क्षेत्र के विरनपुर गांव के पास हुई। यहां 22 वर्षीय महेंद्र अपनी बहन के घर जा रहे थे। रास्ते में वह चाट खा रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित कार ने उन्हें कुचल दिया। महेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों घटनाओं से पीड़ित परिवारों में शोक की लहर है। पुलिस आरोपी चालकों की तलाश कर रही है।

# अवैध अस्पताल में प्रसव के दौरान हादसा

## 30 वर्षीय महिला की मौत,नवजात का शव गायब, अस्पताल संचालिका फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



तिलहर, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के तिलहर नगर में एक सीज किए गए अवैध अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला और उसके नवजात की मौत का मामला सामने आया है। मृतक महिला की पहचान सुल्तानपुर गांव की 30 वर्षीय प्रीति रानी के रूप में हुई है। घटना शनिवार को राधा रानी हॉस्पिटल में हुई। मृतका के पति वितुल गंगवार ने बताया कि उन्होंने दोपहर 12:30 बजे अपनी पत्नी को भर्ती कराया था। करीब 1:00 बजे डिलीवरी हुई। अस्पताल स्टाफ ने उन्हें चाय लाने के लिए भेजा। जब वह वापस लौटे तो देखा कि उनकी पत्नी का शव उनकी मां के पास छोड़कर अस्पताल संचालिका फरार हो चुकी थी। नवजात शिशु का शव भी नहीं मिला। यह अस्पताल तीन महीने पहले ही सीज किया गया था। संचालिका ने लिखित में वादा किया था कि वह भविष्य में अस्पताल नहीं चलाएगी। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार मनु माथुर, कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव और चिकित्सा प्रभारी उमेंद्र सिंह राठौर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीएचसी प्रभारी ने कहा कि अस्पताल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# सीसीटीवी से बचकर बाइक चोरी करने वाले गिरफ्तार

## शाहजहांपुर में 6 आरोपी पकड़े, चोरी की 6 बाइक और हथियार बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। चौक कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हाइवे स्थित नर्सिंग कॉलेज के पास से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में उमेश, गुलफाम, इमरान, जनाब, संजीत और नूर मोहम्मद शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी की 6 बाइक बरामद की हैं। इनमें से एक बाइक दो दिन पहले अस्पताल से चोरी की गई थी। आरोपियों के पास से एक बंदूक, कारतूस, टॉर्च, मोबाइल फोन और असली व नकली नंबर प्लेट भी मिले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले बाइक पर बैठकर इलाके की रैकी करते थे। सीसीटीवी कैमरों की जांच कर ऐसी जगहों को चिह्नित करते थे, जहां कैमरे नहीं लगे होते थे। आरोपियों ने बताया कि वे लंबे समय से खड़ी बाइकों को निशाना बनाते थे। चोरी करते समय बाइक पर बैठकर इंतजार करते थे, ताकि किसी को शक न हो। इन लोगों ने हरदोई में भी कई बाइकें चोरी की हैं। सभी आरोपियों का पहले से अपराधिक रिकॉर्ड है। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।

# बिजली विभाग में भ्रष्टाचार पर सांसद सख्त

## कनेक्शन के लिए 1.60 लाख मांगने वाले खए पर कार्रवाई के आदेश, जर्जर लाइनें बदलने को कहा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, जिला विद्युत विभाग की बैठक में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और भाजपा सांसद अरुण सागर ने विभागीय अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। सांसद ने जर्जर लाइनों और घटिया क्वालिटी के तार लगाने पर नाराजगी जताई। सांसद ने कहा कि कई गांवों में लाइनें जर्जर हैं। शिकायत के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। शाहजहांपुर में पांच नए उपकेंद्रों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने को कहा। बैठक में बादशाहनगर उपकेंद्र के जेई शिव सरण प्रसाद को फोन न उठाने और जनता से दुर्व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। एक अन्य मामले में जेई द्वारा ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए 1.60 लाख रुपये की मांग की गई। रिश्वत न देने पर कनेक्शन नहीं दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर सांसद ने जेई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए। सांसद अरुण सागर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं के समाधान की प्राथमिकता तय की है। कुछ अधिकारी और कर्मचारी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# युवक की हत्या का मामला



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, खुदागंज थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या के मामले में सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। दतौनिया गांव में 30 अप्रैल की रात रंजीत शर्मा को कुछ दबंगों ने कमरे में बंद कर पीटा था। एक मई को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। लेकिन डेढ़ महीने बाद भी सिर्फ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अब परिवार को धमकी दे रहे हैं। सपा के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में आंवला सांसद नीरज मौर्य, जिलाध्यक्ष तनवीर खां, पूर्व मंत्री राजपाल कश्यप, पूर्व मंत्री रामासरे विश्वकर्मा और पूर्व विधायक राजेश यादव व रोशनलाल वर्मा शामिल थे। पूर्व मंत्री रामासरे विश्वकर्मा ने कहा कि परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# डोनाल्ड ट्रम्प बोले- भारत-पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी

## रातभर दोनों को समझाया, समझदारी भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं

एजेंसी

नई दिल्ली , अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पर पोस्ट किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, 'रात में यूएस की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।'भारत के विदेश सचिव बोले- सीजफायर हुआ ट्रंप के बयान के 30 मिनट बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी शाम 6 बजे प्रेस ब्रीफ के लिए आए। 42 सेकेंड में अपनी बात खत्म की और चले गए। उन्होंने कहा- पाकिस्तान के दोपहर 3:35 बजे भारतीय को फोन किया। सहमति बनी कि दोनों पक्ष शनिवार दोपहर 5 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दिए गए हैं। वे 12 मई को दोपहर 12 बजे फिर से बात करेंगे।पाकिस्तान ने भी सीजफायर की पुष्टि की पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, 'पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है।'अमेरिकी विदेश मंत्री ने बुधवार रात भारत-पाक से बात की थी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने




बुधवार रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की। उन्होंने दोनों देशों से तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति स्थापित को लेकर मिलकर काम करने की अपील की थी।आतंकवाद की निंदा की, लेकिन भारत को संयम बरतने को भी कहा अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बताया कि मार्को रूबियो ने जयशंकर से फोन कॉल पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वालों के लिए शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ अमेरिका भारत के साथ है। हालांकि, उन्होंने यह भी सलाह दी कि भारत जो इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ बताने और जवाबी कार्रवाई की मांग करने में सावधानी बरते।वहीं, टैमी ब्रूस ने बताया कि प्रधानमंत्री शरीफ से फोन पर बातचीत के दौरान रूबियो ने पाकिस्तान से 22 अप्रैल को कश्मीर में हुए हमले की निंदा करने और जांच में सहयोग करने को कहा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने पाकिस्तानी अधिकारियों से इस हमले की जांच में पूरी तरह सहयोग करने का अनुरोध किया था।मोदी ने अपने आवास पर मीटिंग की, राजनाथ, डोभाल, तीनों सेना प्रमुख शामिल रहेप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर अहम मीटिंग की। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, उऊर अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शामिल हुए।पाकिस्तान ने फिर अखनूर, नौशेरा में हैवी फायरिंग कीभारत और पाकिस्तान के बीच शाम 5 बजे से सीजफायर लागू हो गया है।

# फंड लेकर सेना पर खर्च कर देता है पाकिस्तान

## ब्रिटेन में हाई कमीश्नर ने कहा- हमने 30 वर्षों तक संयम बरता है

एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में वृद्धि और एलओसी पर संघर्षपूर्ण हालात ने दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच दशकों में पहली बार पूर्ण युद्ध की आशंका पैदा कर दी है। भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं में कुल मिलाकर करीब 2 मिलियन सशस्त्र बल कर्मी हैं। इसका मतलब है कि यह युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से लड़ाकों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़ा युद्ध हो सकता है। पाकिस्तान के पास वैसे तो आटा खरीदने तक के पैसे नहीं हैं। लेकिन उधार की जिंदगी जीता मुल्क हथियारों और सेना के लिए कर्ज लेकर उसे



आतंक को सपोर्ट करने के लिए लगा रहा है। पाकिस्तान को आईएमएफ की तरफ से 1 बिलियन डॉलर का लोन जारी करने को मंजूरी मिल गई है। यूनाइटेड किंगडम में भारत के हाई कमीशन ने बीबीसी रेडियो से बात करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर हमने 30 वर्षों तक संयम बरता है। पाकिस्तानी सरकार परमाणु शब्द का इस्तेमाल कर रही है। हम पाकिस्तान के साथ बड़े संघर्ष की इच्छा नहीं रखते। इसके साथ ही हाई कमीश्नर ने कहा कि पाकिस्तान के लिए धन सेना को जाता है। आपको

> यूनाइटेड किंगडम में भारत के हाई कमीशन ने बीबीसी रेडियो से बात करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर हमने 30 वर्षों तक संयम बरता है। पाकिस्तानी सरकार परमाणु शब्द का इस्तेमाल कर रही है। हम पाकिस्तान के साथ बड़े संघर्ष की इच्छा नहीं रखते। इसके साथ ही हाई कमीश्नर ने कहा कि पाकिस्तान के लिए धन सेना को जाता है।

बता दें कि पाकिस्तान को करीब 1 बिलियन डॉलर लोन जारी करने की मंजूरी दे दी। इससे पहले भारत ने आईएमएफ के उस प्रस्ताव का विरोध किया जिसमें पाकिस्तान को 2.3 अरब डॉलर का नया कर्ज देने की बात थी। भारत का कहना है कि यह पैसा पाकिस्तान सरकार सीमापार आतंकवाद फैलाने में इस्तेमाल कर सकती है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि भारत ने आईएमएफ बोर्ड की बैठक में हिस्सा तो लिया, लेकिन वोटिंग में भाग नहीं लिया। भारत ने कहा कि अगर ऐसे देश को बार-बार कर्ज दिया जाता है

तो इससे वैश्विक मूल्यों का मजाक बनता है।

# पाकिस्तान में मुनीर के फैसलों पर कमांडर सवाल उठा रहे

## अपने बचाव में पोस्टर लगवा रहे सेनाध्यक्ष, जनरल पर परिवार को फायदा पहुंचाने के आरोप

एजेंसी

इस्लामाबाद, भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान अब अपने ही घर में सेना, संसद और राजनीतिक मोर्चे पर घिर गया है। पाकिस्तान में सबसे बड़ा संकट उसकी ही फौज के भीतर पल रहा है। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व को लेकर कोर कमांडरों में असंतोष इतना गहरा है कि उन्होंने खुले तौर पर फैसलों पर सवाल खड़े किए हैं। कोर कमांडरो में यह भावना गहराती जा रही है कि मुनीर की नीतियों ने न सिर्फ सेना की साख गिराई है, बल्कि पाक को बार-बार संकट में डाला है। वे मौजूदा स्थिति के लिए मुनीर को ही जिम्मेदार मानते हैं।

# संघर्ष विराम समझौता : पहले हुआ होता, तो जो जानें गईं, वो नहीं जातीं

एजेंसी

भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम समझौते पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं इसका स्वागत करता हूं। अगर यह 2-3 दिन पहले हुआ होता, तो हमारी जो जानें गईं, वो नहीं जातीं। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ को बुलाया और संघर्ष विराम लागू हुआ। मौजूदा जम्मू-कश्मीर सरकार की जिम्मेदारी है कि जहां भी नुकसान हुआ है, उसका आकलन करें और लोगों को राहत पहुंचाना शुरू करें। जहां भी लोग घायल हुए हैं, उन्हें उचित इलाज मिले और सरकारी योजना के तहत राहत भी मिले। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आग से बहुत नुकसान हुआ है। डीसी को निर्देश दिए गए हैं कि वे तुरंत नुकसान का अंतिम आकलन करें और उस आकलन को हमें भेजे

**मध्य रेल**

**मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसी कोचों की निगरानी और ध्यान**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** मुंबई मंडल के मेल/एक्सप्रेस के ट्रेनो की एसी कोच मे मॉनिटरिंग / अटेंशन एवं ट्रबलशूटिंग के ACCEA प्रदान करने हेतू **(Tender No.BB.LG.W.CSMT. 2024.24) कार्य की औसत लागत:** Rs. 6,33,38,682/- **ईमडी:** Rs. 4,66,700/- **कालावधी:** 60 दिन **समापन अवधि**: 12 माह **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.06.2025 पर 15:00 बजे **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** रु.10,000/- **अनुदेश : 1.** उपर्युक्त निविदा कि बंद होने कि तिथि एवं समय के बाद खोली जाएगी। **2.** भावी निविदा कर्ता से अनुरोध है कि निविदा के सम्पूर्ण विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, कि अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें । **3.** निविदा कर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा प्रणाली से हि भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा । **4.** आगे कि अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग) मध्य रेल, एनेक्स बिल्डिंग, प्रथम तल, मुंबई छ.शि.म.ट. - 400001 से संपर्क कर सकते हैं। **5.** यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है, जो औद्योगिक संवर्धन और नीति विभाग, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी कि जाती है उसे रेल्वे बोर्ड पत्र क्र. 2015/आरएस (जी) /779/5 दि. 03.08.2017 और 27.12.2017 द्वारा प्रसारित किया गया है।

**OPEN E-BID NOTICE No. 07/2025 dated 08.05.2025**

Download UTS App for Tickets 92

# प्रधानमंत्री शरीफ की सलाह पर पीएसएल स्थगित: पीसीबी

एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

इससे कुछ घंटे पहले ही घोषणा की गई थी कि भारत के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण टी20 टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पड़ोसी देशों के बीच सीमा पार तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे मैचों को भी स्थगित कर



दिया है। पीसीबी ने एक बयान में कहा, स्थगित करने का फैसला प्रधानमंत्री मियां मुहम्मद शाहबाज शरीफ से मिली सलाह के अनुसार लिया गया है।

राष्ट्रीय भावनाएं पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के साहसी प्रयासों पर केंद्रित हैं जो पाकिस्तान की संप्रभुता को मुखरता से कायम रख रहे हैं। बयान में आगे कहा गया, पीसीबी और उसके खिलाड़ी शहीदों के परिवारों और राष्ट्र की रक्षा करने वाले हमारे सुरक्षाकर्मियों के साथ एकजुटता में खड़े हैं। हालांकि यह पता चला है कि एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के पीएसएल के बचे मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी के अनुरोध को मंजूरी देने की संभावना नहीं है क्योंकि उसके बीसीसीआई के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है।

> एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के पीएसएल के बचे मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी के अनुरोध को मंजूरी देने की संभावना नहीं है क्योंकि उसके बीसीसीआई के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है।

**पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद**

**रेल फ्लाय ओवर का निर्माण**

**ई-निविदा सूचना सं.:- DyCECII ADI-GER-SAU-03 (दो पैकेट);** उप मुख्य अभियंता (निर्माण)-II, पश्चिम रेलवे अहमदाबाद भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है; **कार्य का नाम और स्थान:** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मण्डल पर साबरमती-बोटाद एवं गैरतपुर-सानंद (16.51 Km.) के बीच 5 इंटरसेक्शनों के इंटरसेक्शन सं. 1 में बरेजडी नांदेज (गैरतपुर)-सरखेज (38.20 Km.) (अहमदाबाद बायपास) के बीच 4थी लाइन एवं पुल सं. 6-4X18.3M (रींग रोड पर) के पुल सं. 19 - 1X76.2M, पुल सं. 46 - 3X45.7M, पुल सं. 52-33X30.50+2X76.2M, पुल सं. 65 - 1X61M (SH-16 पर) के अंतर्गत RFOs (रेल फ्लाय ओवर) का निर्माण।; **कार्य की लगभग लागत:** ₹ 153,13,34,385.41; **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹ 78,06,700.00; **निविदा फॉर्म शुल्क:** शून्य; **कार्य की समाप्ति अवधि:** मानसून सहित 24 महीने (चौबीस महीने)। **बोली जमा करने की तिथि और समय:** 30.05.2025 को 15:00 बजे; **वेबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता: वेबसाइट:** www.ireps.gov.in मुख्य अभियंता (निर्माण) II, पश्चिम रेलवे, द्वितीय तल, 'सी' विंग, निर्माण भवन, डीआरएम कार्यालय के पास, असरवा, अहमदाबाद-382345

CPM – 009

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly •हमें फोलो करें : x.com/WesternRly

# अगर पड़ोसी पाकिस्तान जैसा है तो उसे दंडित करना हमारा कर्तव्य

## आप सांसद राघव चड्ढा बोले



एजेंसी

भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बीत आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि हम दोस्त तो चुन सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं, अगर पड़ोसी पाकिस्तान जैसा हो तो उसे सजा देना हमारा कर्तव्य है। आज भारत, पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि आतंकवादी मानसिकता से भी लड़ रहा है। वहीं, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि भारत ने जो सर्जिकल स्ट्राइक की है, वह यूएन चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार कानूनी कार्रवाई थी। पाकिस्तान जो कर रहा है, वह स्थिति को बहुत संवेदनशील बना रहा है। पाकिस्तान को जवाब मिल रहा है। अगर पाकिस्तान इसे बढ़ाता है, तो उसे जवाब मिलेगा। पाकिस्तान के हित में है कि वह तनाव कम करे।

दूसरी ओर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर तीखी आलोचना करते हुए दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक प्रथाओं में भारी अंतर को उजागर किया।

> कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि भारत ने जो सर्जिकल स्ट्राइक की है, वह यूएन चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार कानूनी कार्रवाई थी। पाकिस्तान जो कर रहा है, वह स्थिति को बहुत संवेदनशील बना रहा है। पाकिस्तान को जवाब मिल रहा है। अगर पाकिस्तान इसे बढ़ाता है, तो उसे जवाब मिलेगा। पाकिस्तान के हित में है कि वह तनाव कम करे।

विक्रम मिस्री की टिप्पणी हाल ही में सैन्य घटनाओं के बाद बढ़ते तनाव और वाकयुद्ध के बीच आई है। उन्होंने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता को इस बात पर बहुत खुशी होती है कि भारतीय जनता को विभिन्न मुद्दों के संबंध में भारत सरकार की आलोचना करनी चाहिए। पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान पर लोकतांत्रिक शासन के मानदंडों से दूर रहने का आरोप लगाते हुए विदेश सचिव ने कहा कि नागरिक निगरानी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को भारत और बड़े पैमाने पर लोकतंत्र के लिए मौलिक माना जाता है। उन्होंने कहा, ₹पाकिस्तान के लिए यह आश्चर्य की बात हो सकती है कि नागरिक अपनी ही सरकार की आलोचना कर रहे हैं -

## गृह मंत्रालय ने की एडवाइजरी, न्यूज चैनलों को खबरों के बीच सायरन नहीं बजाने की दी सलाह

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने शनिवार को सभी मीडिया चैनलों को एक सलाह जारी कर कहा कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियानों के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज का इस्तेमाल न करें। गृह मंत्रालय का यह आदेश भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्र में ड्रोन हमलों के बीच आया है, जिसके कारण अधिकारियों को जनता की सुरक्षा के लिए हवाई हमले के सायरन और ब्लैकआउट जारी करने पड़े हैं।पाकिस्तान भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत वहां आतंकी ठिकानों पर किए गए सैन्य हमलों के बाद ड्रोन और मिसाइलों का प्रक्षेपण कर रहा है। यह हमला जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में किया गया था।

**पश्चिम रेलवे**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे**

**मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008**

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-11 | 22.05.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BA-OH-412-25-1 (Advertising - Out of Home) | सीमा दीवार के पश्चिमी तरफ बांद्रा पश्चिम रेलवे कॉलोनी में 480 वर्गफीट क्षेत्रफल के डिस्प्ले एरिया के साथ आयाम 10 फीट ऊंचाई x 6 फीट चौड़ाई के 05 नये एलसीडी/एलईडी यूनिपोल स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 22-05-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-ST-OH-411 -25-1 (Advertising Out of Home) | सहारा दरवाजा के पास सड़क दिशा उन्मुख सीमा दीवार पर सूरत स्टेशन पर 240 वर्गफीट के डिस्प्ले एरिया के साथ आयाम 6 फीट ऊंचाई x 4 फीट चौड़ाई के 10 नये ग्लो साइन यूनिपोल स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापनों के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 22-05-25 15:40:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-10 | 26.05.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI -PrKiosk-51-25-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 03 वर्षों की अवधि हेतु वापी स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिस्प्ले के जरिए विज्ञापन प्रदर्शन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 26-05-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-BL- PrKiosk-49-25-1 (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिस्प्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 26-05-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-NSP-MedStn -46-24-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 26-05-25 14:50:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-12 | 26.05.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-PL-OH -409-25-1 (Advertising - Out of Home) | लोअर परेल में 180 वर्गफीट क्षेत्रफल के डिस्प्ले एरिया के साथ आयाम 10 फीट उंचाई x 6 फीट चौड़ाई के 03 नये एलसीडी/एलईडी यूनिपोल स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 26-05-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-STC-OSN-300-25-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | डिस्प्ले बोर्ड्स के जरिये तीन वर्षों की अवधि हेतु सीढ़ियों की लैंडिंग्स और एस्केलेटर्स के पिलर्स पर सांताक्रूज (एसटीसी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 26-05-25 15:40:00 |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

0138

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे**

**मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008**

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-9 | 21.05.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VLP-BS-69-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | विलेपार्ले स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 21-05-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-STC-BS-68-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | सांताक्रूज स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 21-05-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-GMN-BS-71-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | गोरेगांव स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 21-05-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-ADH-BS-67-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | अंधेरी स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 21-05-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-KILE-BS-72-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | कांदिवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 21-05-25 15:10:00 |
| 6 | MSS-BCT-BVI-BS-70-25-1 (Misc-Static-Services-Battery swapping stations) | बोरीवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 21-05-25 15:20:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-10 | 21.05.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-25-1 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 20'x20'(1)=400 वर्गफीट के, गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिम उन्मुख, एसएसई (पी.वे) बीवीआई के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 21-05-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-BVI-OH-364-25-2 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 30'x30'(1)=900 वर्ग फीट के, दक्षिण उन्मुख मौजूदा होर्डिंग स्ट्रक्चर के पूर्वी तरफ, बोरीवली स्टेशन उत्तर पूर्व सर्कुलेटिंग एरिया में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 21-05-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-25-1 (Advertising Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 1600 वर्गफीट आकार के कुल एरिया के V-आकृति के आकार 20'x20' (2) के नायगांव आरओबी- 2 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 21-05-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (Advertising - Out of Home) | सड़क दिशा उन्मुख, प्लेटफॉर्म नं. 1 पिलर वॉल्स के पश्चिमी तरफ, चर्चगेट स्टेशन पर वॉल पेंटिंग के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 730 | 21-05-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु फूट ओवर ब्रिजेस और सीढ़ियों की लैंडिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 21-05-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401-25-1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे के विविध स्टेशनों पर लिफ्ट्स पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 21-05-25 16:20:00 |

टिप्पणी : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

0124

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

## संक्षेप

### अतिक्रमण हटाने का अभियान

**पुलिस लाइन तिराहे से जेल रोड तक सड़क किनारे के अवैध कब्जे हटाए**

बांदा, जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रशासन ने पुलिस लाइन तिराहे से जेल रोड तक अभियान चलाया। सड़क किनारे किए गए सैकड़ों अवैध कब्जे हटाए गए। जिला प्रशासन ने एक सप्ताह पहले अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी थी। अभियान के दौरान एडीएम राजेश कुमार और एएसपी शिवराज मौके पर उपस्थित रहे। उनके साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात था। प्रशासन ने सड़क के दोनों तरफ बने अवैध निर्माण को हटाया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा। सड़क का विस्तार भी संभव हो सकेगा। प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी है।

### पशु तस्करी का भंडाफोड़

**51 पशुओं से भरा कंटेनर पकड़ा, 4 तस्कर गिरफ्तार; एक पड़वा मृत मिला**

बांदा, पुलिस ने पशु तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। थाना चिल्ला पुलिस ने लोमर तिराहे के पास से एक कंटेनर ट्रक को रोका। इस ट्रक में क्रूरतापूर्वक भरे गए 51 पशुओं को उन्नाव ले जाया जा रहा था। बरामद पशुओं में 45 भैंसें और 6 पड़वे शामिल हैं। इनमें से एक पड़वा मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मध्य प्रदेश के दमोह से अर्जुन रैकवार, सागर से धनी राम अहिरवार और साहिद कुरैशी, तथा उत्तर प्रदेश के जालौन से शाहिद कुरैशी शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देश पर की गई। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ये पशु कहां से लाए गए थे और इनकी मंजिल कहां थी।

### टीचर पर छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप

**आरोपी ने छात्रा को सुनसान जगह बुलाकर गला दबाया, मुरादाबाद अस्पताल में भर्ती**

अमरोहा, डिडौली थाना क्षेत्र स्थित किसान इंटर कॉलेज में एक टीचर पर छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। टीचर विवेक मीणा पर हाईस्कूल की छात्राओं के साथ क्लास में अश्लील हरकतें करने का आरोप है। छात्राओं ने इस मामले की शिकायत प्रधानाचार्य से की। प्रधानाचार्य ने टीचर को दंडित किया। इसके बाद आरोपी टीचर ने एक छात्रा को स्कूल के पीछे सुनसान जगह बुला लिया। वहां उसने छात्रा से छेड़छाड़ की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इस घटना के बाद छात्रा की तबियत बिगड़ गई। छात्रा को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के परिजनों ने डिडौली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि आरोपी टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# एयरपोर्ट सुरक्षा घेरे में, विजिटर पास पर रोक

**3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचना जरूरी, वीआईपी पैसेंजर भी अकेले ही प्रवेश करेगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, भारत-पाक के बीच जंग के हालात हैं। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के बाद हवाई हमलों का दौर जारी है। ऐसे में देश में सुरक्षा के इंतजाम युद्ध स्तर पर हो रहे हैं। प्रयागराज एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। सीआरपीएफ के सुरक्षा घेरे में एयरपोर्ट का हर कोना है। साथ ही उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर एयरपोर्ट प्रशासन ने सभी प्रकार के विजिटर पास पर पूरी तरह रोक लगा दी। यानि फ्लाइटों से आने वाले वीआईपी के लिए विजिटर पास पर एयरपोर्ट में एंट्री नहीं होगी। एयरपोर्ट पर महज उन यात्रियों को प्रवेश मिलेगा जिनका टिकट होगा। एयरपोर्ट के बाहर यात्री पैसेज तक ही वीआईपी को सी आफ करना होगा। रिसीव करने वाले लोग भी एयरपोर्ट प्रवेश द्वार से दूर ही रहेंगे। टिकट, दस्तावेजों की जांच के साथ आईडी वेरीफिकेशन किया जा रहा है। यात्रियों को सूचना दे दी गई है कि वह फ्लाइट के उड़ान भरने के वक्त से तीन घंटे पहले एयरपोर्ट में प्रवेश कर जाएं। सुरक्षा के लिहाज से हर यात्री की दो चरणों में जांच की जा रही है। पहली जांच चेक-इन काउंटर के बाद और दूसरी विमान में सवार होने से पहले एप्रन क्षेत्र में होगी। जंग के हातात के बीच देश के कई एयरपोर्ट से विमानों की उड़ाने प्रभावित हुई हैं। हालांकि प्रयागराज एयरपोर्ट पर फ्लाइटों की आवाजाही चल रही है। बात करें तो प्रयागराज एयरपोर्ट से कुल दस विमानों का संचालन हुआ। इंडिगो के छह, एलायंस और अकासा एयर के दो-दो विमान शामिल थे। इस दौरान 744 यात्रियों का आगमन और 732 यात्रियों की रवानगी हुई।

इस हफ्ते की बात करें तो प्रयागराज एयरपोर्ट से प्रतिदिन 10 विमानों की आवजाही हो रही है।

# सैनिकों को ब्लड देने की तैयारी:ब्लड बैंक में रजिस्ट्रेशन

**65 लोग सैनिकों को खून देने के लिए हुए तैयार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, भारत-पाकिस्तान के बीच जंग के हालात हैं। हमले किए जा रहे हैं। ऐसे में भारतीय सैनिकों की हर स्तर पर मदद की तैयारी है। सैनिक को अचानक खून की जरूरत पड़ जाए, इसे देखते हुए वीर सैनिकों के लिए ब्लड का इंतजाम होने लगा है। प्रयागराज के करेली इलाके में नाज ब्लड बैंक की ओर से वीर सैनिकों रक्तदान रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया।समें स्वेच्छा से लगभग ६५ लोगों ने रक्तदान करने की शपथ लेते हुए पंजिकरण कराया। सैनिकों खून देने के लिए काफी लोग तैयार हो गए। 65 रक्त वीरों ने पंजीकरण करा लिया।

अब जरूरत पड़ने पर वह किसी भी समय ब्लड देने को पहुंच जाएंगे।




डॉ. नाज फात्मा, डॉ. विश्वदीप केसरवानी, डॉ. जमशेद अली, डॉ. नावेद शेख, तारिक, अमित यादव आदि ने शिविर आयोजित किया।

# अमेठी में पुलिस की क्रूरता

**मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग को पीटने का वीडियो वायरल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, गौरीगंज में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सूर्या कॉम्प्लेक्स के सामने एक पुलिस कर्मी ने मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग व्यक्ति को पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह व्यक्ति इस सड़क पर अकसर ऐसे ही घूमता रहता है। स्थानीय लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि सिपाही की वर्दी पर नेम पलेट नहीं लगी था। साथ ही उसकी बाइक पर सामान भी लदा हुआ था। घटना की वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के साथ इस तरह का व्यवहार पुलिस की संवेदनहीनता को दशार्ता है। वीडियो में व्यक्ति को पुलिसकर्मी कहासुनी के बाद बेहरमी से मारता दिखा। आसपास खड़े लोग भी वर्दी से डर उस असहाय व्यक्ति की मदद करते नहीं दिखे। इस वर्दी की गर्मी की चपेट में एक असहाय व्यक्ति आ गया। स्थानीय नागरिकों ने इस घटना की निंदा की है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की जा रही है। सिपाही किस थाने का है, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि जब कानून का पालन करने वाली वर्दी ही उसकी पालन नहीं कर रही तो आम नागरिकों से क्या उम्मीद रखी जाएगी।



# डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई

**5 दिन में 29 बसें सीज, 33 वाहनों का चालान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, अवैध रूप से चल रहे डग्गामार वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पांच मई से शुरू हुए इस अभियान में पिछले पांच दिनों के दौरान 29 बसों को सीज किया गया है। साथ ही 33 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की गई है। एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। नेशनल हाईवे पर ब्रजघाट से गजरौला और गजरौला से जोया टोल प्लाजा तक जांच अभियान चला। इस दौरान सात वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि जिले में डग्गामार वाहनों को किसी भी स्थिति में नहीं चलने दिया जाएगा। इस अभियान में कई विभागों के अधिकारी शामिल रहे। इनमें पीटीओ सुधीर सिंह, यातायात पुलिस से टीएसआई धर्मेंद्र खोखर और अनिल मथुरिया शामिल थे। रोडवेज विभाग से एआरएम अनिल कुमार और सुखलाल गौड़ ने भाग लिया। वाणिज्य कर विभाग की ओर से सीटीओ युवराज खन्ना और कमलेश कुमार ने अभियान में योगदान दिया।



# लोक संस्कृति को बढ़ावा

**गांधर्व संगीत समिति में सात दिवसीय लोक गायन कार्यशाला हुई शुरू, बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ और गंधर्व संगीत समिति सुल्तानपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। शास्त्री नगर स्थित गांधर्व संगीत समिति में सात दिवसीय लोक गायन कार्यशाला 'सृजन' का आयोजन शुरू हुआ। समिति की संरक्षक डॉ. श्रद्धा मालवीय और प्राचार्य रामेश्वर मालवीय के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। डॉ. राकेश्वर मालवीय प्रशिक्षण दे रहे हैं। कार्यक्रम में पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय, अमहट के प्राचार्य वी.के. शुक्ला और संत तुलसीदास पी.जी. कॉलेज, कादीपुर के प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारतीय लोक संस्कृति के गीत-संगीत का संरक्षण और संवर्धन है। पहले दिन कई विद्यार्थियों और संगीत प्रेमियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रेनू अग्रवाल ने किया। प्रतिभागियों में आरती यादव, दीपिका सिंह, पूजा यादव, शिल्पी प्रजापति, खुशी मिश्रा, सिद्धि मालवीय, समृद्धि मालवीय, आंचल पांडेय, अतुल सिंह, रूचि शुक्ला, नीलम यादव, रेनू अग्रवाल, अविरल उपाध्याय, अनमोल, तेजस, विभव सिंह, समृद्ध मिश्रा, अंकुर सिंह, अक्षत पियूष और दिव्यांशु शामिल हैं।



# बरात में डीजे वाहन ने ली एक की जान

**दूल्हे के मौसेरे भाई की मौत, 4 अन्य घायंल; गमगीन माहौल में हुई शादी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, संग्रामपुर बेघौरा बनवीरपुर गांव में एक शादी समारोह दुखद घटना में बदल गया। रामगंज के मवैया गांव से आई बरात में डीजे वाहन की चपेट में आने से दूल्हे के मौसेरे भाई की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ जिले के कोहंडौर क्षेत्र के मकूनपुर गांव निवासी अशोक वर्मा (28) के रूप में हुई है। हादसे में मवैया निवासी रवि वर्मा, गुलशन वर्मा समेत दो अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। घटना छोटेलाल वर्मा के बड़े बेटे पंकज वर्मा की बरात में हुई। द्वार पूजा के दौरान डीजे वाहन अनियंत्रित हो गया। घायलों को तुरंत प्रतापगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अशोक वर्मा को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बरात में खुशियां मातम में बदल गईं। मंगल गीत बंद हो गए और गमगीन माहौल में वैवाहिक रस्में पूरी की गईं। दुल्हन की विदाई के बाद बरात वापस लौटी। मवैया गांव में नई दुल्हन के स्वागत की खुशियां भी फीकी पड़ गईं। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह के अनुसार, अभी तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# नदी में डूबने से युवक की मौत

**दोस्तों के साथ नहाने गया था, पुलिस पर 2 घंटे देरी से पहुंचने का आरोप; गोताखोर तलाश में जुटे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूब गया। उसके साथियों ने बचाने की कोशिश की लेकिन वह बचा नहीं पाएं। जिसके बाद मौके पर कुछ लोग एकत्रित हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस पर 2 घंटे की देरी से पहुंचने का आरोप लगाया है। पुलिस गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश में जुट गई है। पूरा मामला शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के शेखपुरा भंडारा गांव का है। मुस्तफा पुत्र कयूम अपने दोस्तों के साथ गोमती नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। किशोर को डूबता देख उसके दोस्त चिल्लाने लगे। कुछ लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह असफल रहे। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। परिजन कयूम, जमशेद और कल्लू ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस दो घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही से समय पर मदद नहीं मिल पाई। उनका कहना है कि पुलिस समय पर पहुंचती तो किशोर की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान बदलगढ़ मोहम्मद तारिक और ग्रामीण प्रशासन से मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वे पीड़ित परिवार को न्याय और पुलिस की लापरवाही की जांच की मांग कर रहे हैं। घटना से गांव में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी शुकुल बाजार दया सिंह मिश्रा ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है।



# काशी विश्वनाथ के दर्शन को निकला परिवार हादसे का शिकार

**सुलतानपुर में कार पेड़ से टकराई, बुजुर्ग की मौत, 6 लोग घायल, लखनऊ से जा रहा था परिवार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, कोतवाली देहात क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ से परिवार के सभी लोग बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए जा रहे थे।

चिलबिला पेड़ से कार टकराने के बाद आगे बैठी 60 वर्षीय सरिता वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। सरिता अंधार चौकी लखनऊ निवासी अजय वर्मा की पत्नी थीं। कार चालक विनय कुमार (28) समेत 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में त्रिपुला रायबरेली निवासी विनय कुमार के अलावा दुबग्गा लखनऊ निवासी 8 वर्षीय अनमोल, अंधार चौकी लखनऊ की सरोज कुमारी (55), सीतापुर की आवेदिका (32), हिमांशु (30) और लक्ष्मी (32) शामिल हैं। लखनऊ से परिवार वाराणसी जा रहा था।



# अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

**चोरी की बाइक; अवैध तमंचा और कारतूस बरामद, तीन साथी पहले ही जेल में**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, थाना राया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलीगढ़ के शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहित (23) के रूप में हुई है। वह शिवपुरी, थाना इग्लास, अलीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, ड्रिल मशीन और 1400 रुपये नगद बरामद किए हैं। उसे मलह पेट्रोल पंप से जयपुर-बरेली हाईवे जाने वाले कच्चे रास्ते से पकड़ा गया। राया थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि मोहित के खिलाफ थाना राया में कई मामले दर्ज हैं। एक मामले में श्यामवीर से 20-25 हजार रुपये और मोबाइल छीनने का आरोप है।



# देशविरोधी पोस्ट करने पर तीन गिरफ्तार

**अलीगढ़ में पुलिस सोशल मीडिया पर रख रही नजर; भड़काऊ पोस्ट करने पर होगी एफआईआर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के आसार बन चुके हैं। ऐसे में देश के अंदर की गतिविधियों पर भी सुरक्षा एजेसियां लगातार नजर रख रही हैं। अलीगढ़ में पुलिस आमजनो को जागरुक करने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है और संदिग्ध व भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। खैर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर देश विरोधी और भड़काऊ भाषण के साथ वीडियो पोस्ट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के साथ ही उसका साथ देने वाले दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था और वह समाज में द्वेष फैलाने वाला भाषण दे रहे थे। खैर थाना क्षेत्र के नई बस्ती कस्बा निवासी प्रमोद गर्ग ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि तकिया वाला मुहल्ला के बाबा जिम मालिक कमरुद्दीन के बेटे का एक वीडियो उसके सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वह मुस्लिम समाज के लोगों को भड़का रहा है। आरोपी इसमें मुस्लिम समाज के लोगों से अपील कर रहा है कि वह भारत सरकार और मोदी के खिलाफ युद्ध छेड़ दें। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था और तेजी से कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी थी।




स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी